तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 18 जुलाई 2025

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




## उमस ने किया हलाकान शाम को राहत की बारिश

**बिलासपुर।** मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है, जहां सुबह से ही उमस भरी गर्मी से लोगों को हलाकान होना पड़ रहा है, वहीं शाम के बाद काले घने बादल मंडरा रहे है, इस बीच हल्की बूंदाबांदी के साथ ही बारिश भी हो रही है।

गुरूवार को सुबह से बारिश थमी रही, लेकिन आसमान पर सूरज की मौजूदगी के बाद उमस भरी गर्मी जारी रही, इस दौरान दोपहर को लोगों को पसीना बहाने पर मजबूर होना पड़ा। शाम 4 बजे के बाद मौसम में अचानक परिवर्तन होने लगा और शाम 6 बजे से बुंदाबांदी का दौरान शुरू हो गया। इस दौरान लोगों को बारिश में भीगना भी पड़ा। बताया जा रहा है कि जिले के आउटर क्षेत्रों में एक-दो जगहों पर मध्यम से तेज बारिश भी दर्ज की गई है। गुरूवार को अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तरप्रदेश में अवदाब बना हुआ है, यह अवदाब 6 से 8 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से आगे बढ़ रहा है। वहीं मानसून द्रोणिका बीकानेर, दतिया, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है, जिसके चलते प्रदेश के कई जिलों में बारिश हो रही है।

### बिजली बंद, शिकायतों का लगा अंबार

शहर में पॉवर कट की समस्या आम बात है, लेकिन बारिश के दौरान यह समस्या अचानक बढ़ जाती है, गुरूवार की शाम बिजली चमकने की वजह से 33 केवी लाइनों में ब्रेकडाउन की समस्या रही, लेकिन इसके बाद कई फीडर चालू नहीं हो सके। तिफरा, लिंक रोड, मधुबन, शनिचरी सबस्टेशन के अंतर्गत निकलने वाली सप्लाई में अचानक खराब आ गई और लोगों को बिजली बंद की समस्या से जुझना पड़ा। यही हाल सुबह से लेकर दोपहर तक भी रही, विनोबा नगर, कतियापारा, दयालबंद, सरकंडा, अशोक नगर, बहतराई, तारबहार में बिजली बंद रही। खास बात यह है कि बिजली बंद होने के बाद कर्मचारियों के द्वारा इसकी मरम्मत में काफी समय लग रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ रहा है।

### खबर संक्षेप

#### कांग्रेस तिफरा बिजली आफिस का घेराव करेगी आज

**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर, ग्रामीण द्वारा 18 जुलाई को दोपहर 12 बजे बिजली कार्यालय तिफरा का घेराव किया जाएगा। घेराव में तखतपुर, बिल्हा, सकरी, सिरगिट्टी, तिफरा, बिलासपुर शहर, मस्तूरी, सीपत, बेलतरा, बेलगहना, कोटा, रतनपुर से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन शामिल होंगे। कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी व शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि जनता महंगाई और कर वृद्धि, बुलडोजर संस्कृति से पहले से ही परेशान है। स्मार्ट मीटर से बिजली बिल जनता की कमर तोड़ रही है। एक कनेक्शन, कम खपत में बिजली हजारों रुपए में दिया जा रहा है। शिकायत का निवारण न करते हुए बिल की राशि को समायोजन की बात बिजली विभाग के अधिकारी करते हैं।

#### दतिया स्टेशन में रूकेगी समता एक्सप्रेस

**बिलासपुर।** ज्योति स्नान पर्व समारोह में जाने वाले रेल यात्रियों की सुविधा के लिए समता एक्सप्रेस का दतिया स्टेशन में अस्थायी ठहराव देने का निर्णय लिया गया है। जानकारी के अनुसार उत्तर मध्य रेलवे ग्वालियर से झांसी सेक्शन में स्थित दतिया स्टेशन में 20 से 30 अगस्त तक ज्योति स्नान पर्व का आयोजन किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए दपूमरे से गुजरने वाली 12807/12808 विशाखापट्टनम-निजामुद्दीन अप-डाउन समता एक्सप्रेस का स्टापेज 20 से 30 अगस्त तक दतिया स्टेशन में दो मिनट के लिए देने का आदेश दिया है।

### 10 लाख तक की जनसंख्या में बिलासपुर को पूरे देश में दूसरी रैंक

# स्वच्छता में देश में दूसरे नंबर पर हमर बिलासपुर



राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू से पुरस्कार ग्रहण करते उपमुख्यमंत्री अरूण साव, मेयर श्रीमती पूजा विधानी व नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के परिणामों की घोषणा और पुरस्कार वितरण समारोह में सर्वेक्षण 2024 के परिणामों की घोषणा की गई, जिसमें बिलासपुर शहर ने टॉप 3 में स्थान बनाते हुए 3 लाख से 10 लाख तक की जनसंख्या वाले शहरों में दूसरा सबसे स्वच्छ शहर होने का तमगा हासिल किया है। इससे पहले स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में बिलासपुर को 28 वां रैंक मिला था।

देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने दूसरा स्थान हासिल करने पर बिलासपुर को सम्मानित किया है। राष्ट्रपति के हाथों प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव समेत महापौर श्रीमती पूजा विधानी व नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने पुरस्कार ग्रहण किया है। देश के 4589 शहर सर्वेक्षण में शामिल हुए थे। 3 लाख से 10 लाख तक की जनसंख्या वाले शहरों में प्रथम स्थान पर महाराष्ट्र के मीरा भयंदर और तीसरा स्थान जमशेदपुर को मिला है। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति के अलावा केंद्रीय आवासन एवं शहरी मंत्री मनोहरलाल खट्टर एवं केंद्रीय शहरी राज्य मंत्री तोखन साहू उपस्थित रहे।

(संबंधित खबर पेज 2 पर देखें)

## नई दिल्ली में बिलासपुर को मिला प्रेसिडेंसियल अवार्ड, राष्ट्रपति के हाथों उप मुख्यमंत्री समेत महापौर व निगम कमिश्नर ने ग्रहण किया पुरस्कार

### एक साल तक चार चरणों में हुआ था सर्वेक्षण

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के तहत इस साल केंद्रीय आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय द्वारा गठित टीम ने चार चरणों में बिलासपुर का दौरा कर सर्वेक्षण किया था। अप्रैल 2024 से अप्रैल 2025 तक सर्वेक्षण की पूरी प्रक्रिया की गई। सबसे पहले केंद्रीय टीम ने शहर की ग्राउंड रिपोर्टिंग की थी, उसके बाद नागरिकों के फीडबैक, फिर अप्रैल 2025 में स्वच्छता लीग और वाटर प्लस तथा मई माह में गार्बेज फ्री सिटी के लिए सर्वे किया गया था।

### मिला वाटर प्लस का दर्जा

केंद्रीय मंत्रालय द्वारा सर्वेक्षण की घोषणा के साथ ही निगम कमिश्नर अमित कुमार ने एक अलग टीम गठित कर सर्वेक्षण की तैयारियों में लगा दिया था, जिनके द्वारा सालभर स्वच्छता एवं उससे जुड़े हुए विशेष अभियान चलाए गए। इससे पहले बिलासपुर को ओडीएफ डबल प्लस का तमगा पहले ही हासिल है और गार्बेज फ्री सिटी में 5 स्टार का दर्जा और अब वाटर प्लस का दर्जा बिलासपुर को मिला है।

### 12500 में शहर को 11624 नंबर मिले

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 इस बार 12500 नंबरों का था, जिसमें अलग-अलग मापदंडों पर नंबर निर्धारित किए गए थे। कुल 12500 नंबरों में बिलासपुर ने 11624 नंबर लाकर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। 12500 नंबर में 10000 नंबर ग्राउंड सर्वेक्षण के थे, जिसके अंतर्गत शहर का सर्वे, पब्लिक फीडबैक जैसे बिंदु शामिल थे। इसमें बिलासपुर को 9324 नंबर मिलें। वाटर वेस्ट में बिलासपुर को 1200 में 1200 नंबर मिले हैं।


## द्वितीय पुण्यतिथि

18 जुलाई 2025, शुक्रवार (श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि)



आज हमारी पूज्यनीय माता जी **स्व. श्रीमती रामिन बाई शर्मा** पत्नी स्व. श्री छेदी लाल शर्मा जीकी द्वितीय पुण्यतिथि के पावन अवसर पर हम श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हैं।

**स्व. श्रीमती रामिन बाई शर्मा**

श्रद्धानवत:- अनुसूइया शुक्ला (पुत्री) शिव शर्मा (पुत्र) एवं समस्त परिवार गतौरा



## खबर संक्षेप

### 2 दिन की हड़ताल के बाद आज लौटेंगे कर्मचारी

**बिलासपुर।** संविदा एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल गुरूवार को खत्म हो गई, लेकिन इससे स्वास्थ्य विभाग का हाल बेहाल हो गया। गुरूवार को कर्मचारियों का दल रायपुर में प्रदर्शन करता रहा और जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था भगवान भरोसे ही रही। बताया जा रहा है कि जिले के 400 से अधिक कर्मचारियों ने रायपुर में संघ के बैनर तले प्रदर्शन कर अपनी मांग रही है, हालांकि आश्वासन नहीं मिला है। संघ ने 15 अगस्त तक सरकार को अल्टीमेट देकर हड़ताल वापस ले ली है, शुक्रवार से कर्मचारी काम पर लौटेंगे। पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं दो दिन से चौपट है, स्वास्थ्य विभाग में 80 फीसदी कर्मचारी संविदा तौर पर ही कार्यरत है, ऐसे में कर्मचारियों के हड़ताल पर जाते ही व्यवस्था बदहाल हो गई। गुरूवार को कर्मचारियों की ओर से डिप्टी डायरेक्टर डॉ खेमराज सोनवानी व प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। इन कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण, जॉब सुरक्षा, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल बीमा, लंबित 27% वेतन वृद्धि शामिल है। जिले में 700 से अधिक संविदा कर्मचारी है, इस दौरान 400 कर्मचारियों ने हड़ताल में हिस्सा लिया, बाकी कर्मचारियों भी आंशिक तौर पर हड़ताल पर रहे। कर्मचारियों ने कहा कि 100 से अधिक बार मंत्रियों, विधायकों, सांसदों, अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने के बावजूद सरकार चुप्पी साधे हुए है। ऐसे में हड़ताल और काम रोकने के बजाए कोई दूसरा रास्ता नहीं है। संघ की ओर से 15 अगस्त तक का अल्टीमेटम दिया गया है, इसके बाद संविदा कर्मचारी पूरी तरह से काम ठप करने की बात कह रहे हैं।

### शहर में आज खुलेगी गीता प्रेस की पुस्तक दुकान, कल होगी 'राष्ट्रचिंतन' संगोष्ठी

**बिलासपुर।** हमारा शहर इन दिनों आध्यात्मिक और वैचारिक गतिविधियों का केंद्र बनता जा रहा है। इसी क्रम में 18 और 19 जुलाई को दो प्रमुख आयोजनों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें समाज, संस्कृति और राष्ट्र चेतना से जुड़े विषयों पर गहन संवाद होगा। इसमें 18 जुलाई को शाम 5.30 बजे सी-26, श्याम सदन सदर बाजार में गीता प्रेस गोरखपुर की नवीन पुस्तक दुकान का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाज चिंतक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ और विधायक अमर अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि मंगतराय अग्रवाल (अध्यक्ष, जय श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट) और भगवताचार्य पं. दुर्गेश (अमसेना) कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। ये आयोजन सनातन धर्म ग्रंथ साहित्य सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। 19 जुलाई शनिवार को शाम 5.30 बजे से यश पैलेस में एक महत्वपूर्ण वैचारिक संगोष्ठी 'राष्ट्रचिंतन' का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी 'विश्वगुरु भारत 2047 – हमारा दायित्व' और 'सनातन भारतः कल, आज और कल' जैसे विषयों पर केंद्रित होगी। इस अवसर पर मुख्य वक्ता पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ अपने विचार साझा करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल की उपस्थिति रहेगी। इनके अलावा विधायक धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला मौजूद रहेंगे। इस आयोजन की मेजबानी बिलासपुर सराफा एसोसिएशन द्वारा की जा रही है।

### कलेक्टर पहुंचे मेंटल अस्पताल, किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**बिलासपुर।** सेंदरी स्थित राज्य मानसिक चिकित्सालय में कलेक्टर संजय अग्रवाल पहुंचे और अस्पताल में मौजूद इलाज और जांच का जायजा लिया। उन्होंने पंजीयन, दवा वितरण और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं को लेकर निरीक्षण किया। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन को निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने चिकित्सकों से मरीजों को बेहतर इलाज व आवश्यक सुविधाएं देने की बात कही। दवाई काउंटर में मौजूद दवाईयों की उपलब्धता, रसोईघर के भोजन की जानकारी ली और व्यवस्थाओं में जरूरी सुधार के लिए निर्देशित किया। मरीजों एवं परिजनों से भी मुलाकात कर अस्पताल की सुविधाओं के लिए चर्चा की। सायकेट्रिस्ट से मुलाकात की।कलेक्टर ने स्कूल और अस्पतालों में नशे के विरुद्ध जागरूकता लाने पर काम करने के लिए कहा, उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश भी किया है। अस्पताल में परिजनों के लिए कैंटिन की सुविधा नहीं है, कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को एस्टीमेट तैयार और अस्पताल में मरम्मत कार्य शीघ्र ही पूरा करने के लिए कहा है। इस दौरान अधीक्षक डॉ. जे. पी. आर्य सहित चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### शांता फांडेशन ने किया भिक्षुकों व जरूरतमंदों को छाता वितरित



**बिलासपुर।** बारिश में बेसहारा लोगों को सहारा देने की कोशिश शांता फाउंडेशन परिवार द्वारा की जा रही है। संस्था की नीरज गेमनानी ने बताया कि मंदिर के बाहर बैठे भिक्षुओं और अन्य जगह के जरूरतमंदों को छाता वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में सृष्टि सिंह, जसमीत सिंह टूटेजा, डी निहारिका रॉव, अनिता तिवारी शामिल रहीं।

### पालतू पशुओं को लावारिश छोड़ने वाले पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** नगर निगम प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी की रिपोर्ट पर पुलिस ने पशुओं को लावारिस छोड़ने वाले के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार जानकारी के अनुसार नगर निगम प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी किशोर सिंह को सूचना मिली कि मनीष सिंह रवि रेंसिडेंसी के पास मोपका के द्वारा अपने पालतू पशुओं को सड़क पर छोड़ देता है, जिससे दुर्घटना का खतरा रहता है। जांच करने पर मोपका चौक तिराहा के पास सड़क पर 20 - 25 पशु मिले। प्रार्थी की उक्त रिपोर्ट पर अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया , घटना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह को अवगत कराया गया, उन्होंने आरोपी के विरुद्ध तत्काल अपराध पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई करने का निर्देश दिया, इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल, सीएसपी सरकंडा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देशन में आरोपी मनीष सिंह के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों को बैंक खाते से आधार लिंक कराना अनिवार्य

**बिलासपुर।** महतारी वंदन योजना के पात्र हितग्राहियों को राशि का भुगतान उनकेआधार लिंक्ड डीबीटी आधारित बैंक खाते में किया जा रहा है। हितग्राहियों के पास स्वयं के नाम से आधार लिंक डीबीटी आधारित बैंक खाता होना चाहिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि महतारी वंदन योजना की हितग्राहियों को बैंक खाते से आधार लिंक कराना अनिवार्य है। राज्य शासन द्वारा माह अप्रैल 2025 से केवल डीबीटी के माध्यम से हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया जा रहा है।

---

स्वच्छता सर्वेक्षण में बिलासपुर नगर निगम को मिली देश में दूसरा स्थान, अधिकारियों व कर्मचारियों ने खेली होली

# निगम में मनाई गईं खुशियां, जमकर हुई आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्वच्छता सर्वेक्षण में बिलासपुर को देश में दूसरा स्थान मिलने नगर निगम कार्यालय विकास भवन में आज जश्न का माहौल रहा और अधिकारियों-कर्मचारियों ने सहित सफाईकर्मियों ने गुलाल लगाकर तथा आतिशबाजी कर जश्न मनाया और एक-दूसरे को बधाई दी।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में बिलासपुर ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में शीर्ष तीन में अपनी जगह बनाई है पर यह उपलब्धि ऐसे ही हासिल नहीं हुआ है। इस सफलता के पीछे मजबूत इच्छाशक्ति, लगन, योजनाबद्ध तरीके से किए गए प्रयास के साथ ही सशक्त जनभागीदारी और मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण है। बिलासपुर ने 28 वें रैंक से छलांग लगाते हुए बड़े शहरों को पछाड़कर बना स्वच्छता का सिरमौर बना है। सबसे पहले नगर निगम प्रशासन ने आधारभूत व्यवस्था में कमी एवं संसाधनों की आवश्यकता को चिन्हित किया, जिसकी वजह से कहीं न कहीं कुछ कमी रह जाती थी और बिलासपुर रेस में पिछड़ जाता था।



नगर निगम विकास भवन के सामने मिठाई खिलाकर बधाई देते कर्मचारी व अधिकारी।

#### डोर टू डोर कचरा कलेक्शन

सर्वप्रथम बिलासपुर नगरीय निकाय क्षेत्र में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का कार्य शतप्रतिशत हो, यह सुनिश्चित किया गया। पुराने क्षेत्र के सभी घरों से निगम द्वारा अनुबंधित रामकी कंपनी द्वारा कचरे का कलेक्शन और उसका निष्पादन किया जाता है। वर्तमान में बिलासपुर नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत 70 वार्डों में कुल 1,79,180 घरों से 700 कर्मचारियों जिनमें 349 स्वच्छता दीदी शामिल है उनके द्वारा 162 वाहनों के जरिए रोजाना 260 टन कचरे का कलेक्शन किया जाता है और उसे कछार स्थित आरडीएफ प्लांट एवं एसआरएलएम सेंटर पहुंचाया जाता है।



नाच का खुशियां बनाते कर्मचारी।

#### मैकेनाइज्ड और मैन्युअल स्विपिंग

बिलासपुर नगर निगम सीमा के पूरे शहर में मैकेनाइज्ड और मैन्युअल स्विपिंग शुरू हुआ और सभी मुख्य मार्ग और सड़कें कचरे एवं गंदगी से मुक्त हुआ। पहले सिर्फ 27 किमी की सफाई प्रतिदिन इस व्यवस्था के तहत की जाती थी, जिसमें 1330 सफाईकर्मी शामिल थे और 475 बीट निर्धारित थी। नए क्षेत्रों में इस व्यवस्था के शुरू होने से पूरे शहर में अब कुल 49.34 किमी की सफाई प्रतिदिन मैकेनाइज्ड और मैन्युअल तरीके से की जाती है जिसमें सफाई कर्मियों की संख्या बढ़कर अब 2063 और बीट 750 बीट हो गया है।

#### नंबर वन बनाएंगेः सुशांत



बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला शहरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में हमर बिलासपुर का दूसरे स्थान पर चयन होना हम सबके लिए हर्षित एवं गर्व की बात है। आने वाले समय में बिलासपुर पहले स्थान पर इसके लिए हम सब मिलकर प्रयास करेंगे।

#### शहरवासियों को बधाईः महापौर



स्वच्छता में बेहतर प्रदर्शन करने पर महापौर श्रीमती पूजा विधानी ने शहरवासियों और निगम कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयास का नतीजा है। आमजन के सहयोग के बगैर संभव नहीं था। इस उपलब्धि से हमें भविष्य में और भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी।

#### सभी को बधाईः कलेक्टर



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता के क्षेत्र में पूरे देश में दूसरे स्थान पर आना पूरे बिलासपुर के लिए गर्व का क्षण है। इस उपलब्धि के लिए नगर निगम की टीम और नागरिकों को बधाई। इस उपलब्धि को बरकरार रखते हुए और अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सामूहिक प्रयास किया जाएगा।

#### टीम वर्क का नतीजाः कमिश्नर



नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने निगम की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि बेहतर टीम वर्क और जनता के सहयोग का परिणाम है। भविष्य में हम और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें, इसके लिए प्रयास जारी रखेंगे। आगे भी इस दिशा में प्रयास जारी रहेगा। अगली बार बेहतर रैंकिंग लाने की कोशिश करेंगे।

#### बिलासपुर स्वच्छता व शहरी विकास का रोल मॉडल बनेगाः तोखन



केंद्रीय शहरी राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कक स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में हमारे शहर का 2 रैंक आना यह दिखलाता है कि शासन प्रशासन के साथ ही आम जनता अस्वच्छता को जड़ से मिटाने के लिए प्रतिबद्ध है। शहरवासियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई, आने वाले समय में बिलासपुर स्वच्छता एवं शहरी विकास का एक नया रोल माइल बनेगा।

#### स्वच्छता मा बिलसपुरिया मन चमक गिसः अरूण



उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि यह उपलब्धि हमारी स्वच्छता दीदियों, सफाई मित्रों एवं बिलासपुर नगर निगम टीम, जनप्रतिनिधियों, हमारे बिलासपुरिया साथियों के सहयोग व संकल्प का परिणाम है। हमसब मिलकर स्वच्छ बिलासपुर, सुंदर बिलासपुर के संकल्प को और मजबूती से आगे बढ़ाते रहेंगे।

#### सामूहिक प्रयास का नतीजा, बरकरार रखना सबकी जिम्मेदारी : अमर



विधायक अमर अग्रवाल ने इस उपलब्धि पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान में बिलासपुर अपनी सहभागिता देते हुए आज इस मुकाम पर पहुंचा है। यह उपलब्धि पूरे शहर की है, यह सबके सामूहिक प्रयास का नतीजा है कि बिलासपुर पूरे देश में दूसरे स्थान पर है, इसे बरकरार रखना अब हम सबकी जिम्मेदारी है।

---

# गेवरा की सीबीएम लैब महिलाओं के हाथों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल ने महिला सशक्तिकरण और तकनीकी नेतृत्व को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 17 जुलाई को केंद्रीय उत्खनन कर्मशाला, गेवरा स्थित सीबीएम लैब को पूर्णतः महिलाओं द्वारा संचालित प्रयोगशाला के रूप में आरंभ किया है। लैब का उद्घाटन एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन द्वारा निदेशक (तकनीकी - संचालन सह योजना/परियोजना) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार तथा निदेशक (वित्त) डी. सुनील कुमार की उपस्थिति में किया गया।

एसईसीएल के सीएमडी ने बताया कि सीबीएम लैब खनन कार्यों में प्रयुक्त भारी मशीनों और वाहनों के रखरखाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह लैब मशीनों से लिए गए लुब्रिकेंट ऑयल के नमूनों का विश्लेषण कर यह निर्धारित करती है कि उपकरणों की आंतरिक स्थिति कैसी है, किस हिस्से में घिसाव हो रहा है या कौन-सा पुर्जा संभावित रूप से खराब हो सकता है। सीबीएम लैब में मशीनों से लिए गए तेल के नमूनों पर चार प्रमुख प्रकार के परीक्षण किए जाते हैं। इनमें एलीमेंटल एनालिसिस, काइनेमैटिक विस्कोसिटी, केमिकल प्रॉपर्टीज विश्लेषण एवं पार्टिकल काउंट शामिल हैं।





एसईसीएल के सीएमडी का माल्यार्पण कर स्वागत करते अधिकारी-कर्मचारी।

#### अचानक ब्रेकडाउन की संभावना कम होती है

एसईसीएल सीएमडी ने बताया कि सभी परीक्षणों से यह सुनिश्चित किया जाता है कि मशीनों में समय रहते संभावित खराबी की पहचान हो सके, जिससे अचानक ब्रेकडाउन की संभावना कम होती है। इससे अनावश्यक मरम्मत से बचा जा सकता है। उत्पादन कार्यों में रुकावटें कम होती हैं, संचालन लागत घटती है और खराबी के मूल कारणों की पहचान कर दीर्घकालिक समाधान संभव हो पाते हैं। एसईसीएल द्वारा उठाया गया यह कदम तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ खनन उपकरणों की स्थिति की नियमित निगरानी एवं रखरखाव को भी मजबूत बनाएगा। जिससे खनन संचालन अधिक सुरक्षित, कुशल और लागत प्रभावी बन सकेगा।

#### महिला कर्मियों से भेंट कर हौसला बढ़ाया

कार्यक्रम के दौरान सीएमडी हरीश दुहन एवं निदेशकगणों ने सीबीएम लैब का निरीक्षण किया। प्रयोगशाला प्रभारी बबीता पटवाल, सहायक प्रबंधक (उत्खनन) एवं टीम की सभी महिला कर्मियों से भेंट कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने टीम को भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने मार्गदर्शन दिया। इस ऐतिहासिक पहल का उद्देश्य न केवल तकनीकी दक्षता को बढ़ाना है, बल्कि महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा देना है। महिला कर्मचारियों द्वारा पूर्णतः संचालित यह सीबीएम लैब कोल इंडिया की पहल को एक नया आयाम प्रदान करती है। कार्यक्रम में क्षेत्रीय महाप्रबंधक गेवरा एके त्यागी, क्षेत्रीय महाप्रबंधक, दीपका संजय मिश्रा, क्षेत्रीय महाप्रबंधक कोरबा आरके गुप्ता, वर्क्स मैनेजर, सीईडबल्यूएस गेवरा एके सिंह, समस्त जेसीसी, कल्याण, सुरक्षा समिति के सदस्य, एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## एजुकेशन प्लस



### एवीएम में डॉ मौर्य ने स्वास्थ्य जागरूकता पर दिया व्याख्यान

**बिलासपुर।** एवीएम सैनिक स्कूल में आज मार्क हॉस्पिटल के निदेशक एवं डॉ. कमलेश मौर्य ने व्याख्यान दिया।डॉ. मौर्य जो स्वयं रीवा सैनिक स्कूल के पूर्व छात्र रह चुके हैं ने स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जानकारी साझा की।

कार्यक्रम की शुरुआत उदय शर्मा ने डॉक्टर मौर्य को सैपलिंग दे कर किया। डॉ. मौर्य ने अपने व्याख्यान में सत्रीय बीमारी जैसे डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार, सर्दी-जुकाम आदि के लक्षणों, कारणों और बचाव के उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे स्वच्छता, संतुलित आहार, समय पर चिकित्सीय परामर्श और सही दिनचर्या अपनाकर इन बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि इन बीमारियों से बचाव के लिए सावधानी बरतना सबसे बड़ा उपचार है। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल ने मेरे जीवन को अनुशासित, आत्मनिर्भर और लक्ष्य के प्रति समर्पित बनाया। वही नींव आज मुझे चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य करते समय निरंतर प्रेरणा देती है। उन्होंने बताया कि वे अपने लक्ष्य के प्रति स्पष्ट रहें और परिश्रम तथा अनुशासन को जीवन का हिस्सा बनाएं। छात्रों ने प्रश्न भी पूछे, जिनका उत्तर डॉ. मौर्य ने दिया। उन्होंने छात्रों से स्वास्थ्य को लेकर सचेत और जिम्मेदार रहने की अपील की। एवीएम के चेयरमैन डॉ. अजय श्रीवास्तव ने डॉ. मौर्य के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि एक सैनिक स्कूल से निकला छात्र जब चिकित्सा जैसे सेवा क्षेत्र में समाज को योगदान देता है, तो वह न केवल अपने विद्यालय, बल्कि पूरे राष्ट्र का गौरव बढ़ाता है। छात्रों को ऐसे व्यक्तित्वों से बहुत कुछ सीखने को मिलता है।" कार्यक्रम को विद्यालय के निदेशक श्री एस.के. जनस्वामी, प्रधानाचार्या जी.आर. मधुलिका ने भी संबोधित किया। डॉ. मौर्य को स्मृति चिन्ह भेंट कर सैनिक स्कूल शिक्षिका गुरदिश कौर ने आभार व्यक्त किया।

---

आटोनामस मामले को लेकर धरने पर बैठीं तीन छात्राओं की बिगड़ी तबियत

# एयू में चार घंटे चली भूख हड़ताल, समझाइश के बाद समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डीपी विप्र कालेज को आटोनामस का दर्जा नहीं दिए जाने के विरोध में गुरुवार को कालेज के स्टूडेंट्स ने यूनिवर्सिटी पहुंचकर मेनगेट सामने भूख हड़ताल शुरू कर दी। यह भूख हड़ताल करीब चार घंटे तक चली और इस दौरान तीन छात्राओं की तबियत बिगड़ गई, जिसमें एक छात्रा को सिम्स ले जाया गया। शाम को समझाइश के बाद छात्रों ने भूख हड़ताल समाप्त कर दी।




डीपी विप्र कालेज के विद्यार्थियों की भीड़ आज अटल यूनिवर्सिटी पहुंची थी और दोपहर करीब साढ़े बारह बजे मेनगेट सामने धरना, भूख हड़ताल पर बैठ गए। छात्र-छात्राएं प्रदर्शन करते हुए यूनिवर्सिटी के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। भूख हड़ताल की सूचना मिलते ही मौके पर नायब तहसीलदार विभोर यादव, सरकंडा सीएसपी सिद्धार्थ बघेल एवं कोनी टीआई राहुल तिवारी पूरे पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे और आंदोलन शांत करने की कोशिश की, लेकिन प्रदर्शनकारी छात्र कुलपति से मुलाकात की मांग पर अड़े रहे। इसी दौरान तीन छात्राएं बीकाम द्वितीय की अनसुमी खाण्डे, बीएससी अंतिम की मीनाक्षी वाकड़े और बीए अंतिम वर्ष की भावना साहू की तबियत बिगड़ गई और वे बेहोश हो गई, जिसमें से एक छात्रा भावना को सिम्स अस्पताल ले जाया गया। प्रशासन के अधिकारियों के हस्तक्षेप बाद कुलपति एडीएन बाजपेयी, रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे, छात्र कल्याण अधिष्ठाता एचएस होता वहां आकर हड़ताल समाप्त करने समझाइश दी। प्रदर्शनकारी छात्रों ने उनसे कालेज को आटोनामस का दर्जा दिए जाने की मांग रखी। इसके बाद डीपी कालेज की प्राचार्य श्रीमती अंजू शुक्ला, उप प्राचार्य एमएस तंबोली, मनीष तिवारी, नीतीश चौबे, श्रीराम, किरण दुबे आदि कालेज के स्टाफ वहां पहुंचे और कालेज एल्युमिनी कमेटी के सदस्य भी पहुंच गए। उसके बाद एक प्रतिनिधिमंडल कुलपति बंगला जाकर कुलपति से इस मामले में चर्चा की, जिसपर कुलपति ने सप्ताहभर का समय मांगा। इसके बाद कालेज की प्राचार्य श्रीमती शुक्ला ने छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए हड़ताल समाप्त करने और एक सप्ताह में आटोनामस का दर्जा नहीं देने पर कालेज स्टाफ, एल्युमिनी कमेटी के सदस्य सहित मिलकर आंदोलन करने की बात कही, जिसके बाद शाम को हड़ताल स्थगित कर दिया।

---

### एरीना में डिग्री कोर्स और करियर एश्योरेंस प्रोग्राम शुरू

**बिलासपुर।** एरीना एनीमेशन एवं पिनेकल डिजाइन एरीना शहीद चौक, लिंक रोड, बिलासपुर में स्कालरशिप परीक्षा, डिग्री कोर्स और करियर एश्योरेंस प्रोग्राम प्रारंभ किया गया है। इसके डायरेक्टर ने बताया कि यह संस्था छत्तीसगढ़ अंचल में मल्टीमीडिया, एनीमेशन, फैशन एवं इंटीरियर डिजाइनिंग जैसी रचनात्मक और करियर उन्मुख शिक्षा का एक प्रतिष्ठित केंद्र रहा है।




एरीना जुलाई–अगस्त में नए बैच के लिए प्रवेश प्रक्रिया आयोजित की जाती है, जिसके अंतर्गत इस बार भी छात्रों को करियर निर्माण के लिए मार्गदर्शन और सहयोग प्रदान करने एरीना लीडरशिप अवार्ड के माध्यम से स्कॉलरशिप परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को ट्यूशन फीस में 50 प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति प्राप्त हो सकती है। इस वर्ष डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय कोटा के सहयोग से बी. वोक. डिग्री प्रोग्राम्स की भी शुरुआत की है, जो यूजीसी से मान्यता प्राप्त हैं। इस वर्ष करियर एश्योरेंस प्रोग्राम की भी घोषणा की गई है। जिसके अंतर्गत छात्रों को प्रशिक्षण के साथ-साथ करियर मार्गदर्शन, पर्सनैलिटी डेवेलपमेंट, पोर्टफोलियो बिल्डिंग, मॉक इंटरव्यू, इंटर्नशिप एवं प्लेसमेंट सपोर्ट जैसी सुविधाएँ एक समग्र योजना के रूप में दी जाएंगी। एरीना द्वारा इस वर्ष नए कोर्स – एनीमेशन प्राइम और वीएफएक्स प्राइम – प्रारंभ किए गए हैं। इस वर्ष स्कॉलरशिप परीक्षा 17, 19, 23, 25 एवं 29 जुलाई को है। प्रवेश की अंतिम तिथि 30 जुलाई है।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, शुक्रवार 18 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255

अभियान

## बहतराई स्कूल में एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण, आम, पीपल के लगाए पौधे



**बिलासपुर।** शासकीय हाईस्कूल बहतराई में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया गया। क्लब अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा के मार्गदर्शन में आम, पीपल और बिही के पौधे लगाए गए। प्राचार्य अंजली गुप्ता ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम का सार एक प्रतीकात्मक भाव है।

अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा ने कहा कि अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाना दोहरा उद्देश्य पूरा करता है। शिक्षिका दीप्ति पटेल, स्वाति सिंह, संध्या शर्मा, संजीव कुर्रे, अनिल झालरिया ने पौधारोपण में सहयोग दिया इस मौके पर मंजू तिवारी, डॉ शोभा त्रिपाठी, चांदनी सक्सेना, सचिव अर्चना तिवारी, विनीता मिश्रा, सलमा बेगम, उपाध्यक्ष सुधा परिहार, उषा मुदलियार, सुजाता मिश्रा, मंगला देवरस, अंबुज पांडेय, साधना दुबे, मंजू मिश्रा, शोभा चाहिल, मंगला कदम, गायत्री कश्यप, हंसा सेलारका, रत्ना खरे, अणिमा मिश्रा, एमजेएफ संजना मिश्रा, शारदा कश्यप, मंजुला शिंदे, वायला सिंह, प्रिया शर्मा की उपस्थिति रही। यह आयोजन लायंस क्लब वसुंधरा ने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट पर्यावरण के अंतर्गत किया।

समारोह

## गोदड़ीधाम में मदाह साहिब का पाठ भजन गाकर की गई प्रार्थना



**बिलासपुर।** गोदड़ीधाम में साध संगतों ने बाबा सांई के विशेष मदाह साहिब का पाठ किया। पाठ समापन के बाद भजन गाए गए। भक्तों द्वारा पल्लव पाया गया। विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। प्रसाद वितरण किया गया।



दरबार के सेवादार राजकुमार कलवानी ने बताया कि मदाह साहब का पाठ बाबा को बहुत प्रिय था। वे भी मंगलवार को इस पाठ को पढ़ते थे। इस कारण हर मंगलवार को इसका पाठ किया जाता है पर गुरु पूर्णिमा के बाद आने वाला मंगलवार बहुत ही विशेष होता है क्योंकि गुरु पूर्णिमा में गुरु की पूजा होती है और जो गुरु का प्रिय पाठ है उसको इस मंगलवार को पढ़ा गया।

आयोजन

## सखियों को बनाया जाएगा पशु विशेषज्ञ व लखपति दीदी



**बिलासपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय कृषि विज्ञान केन्द्र सरकण्डा में आयोजित 17 दिवसीय आवासीय पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम के 11वें दिन विशेष परिचर्चा आयोजित की गई। इसमें पशु सखियों को पशु पालन विशेषज्ञ बनाकर लखपति दीदी बनाने का आह्वान किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संदीप अग्रवाल ने आग्रह किया कि इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान पशुओं में कृत्रिम गर्भाधान, विभिन्न बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण, समय-समय पर कृमि नाशक उपचार, गलाघोंटू एवं अन्य सामान्य बीमारियों से बचाव के लिए अपने क्षेत्र में अन्य पशु पालक किसानों एवं महिलाओं को जागरूक करें। इस अवसर पर डा. रंजना नंदा, डा. तन्मय एवं डा. तापसी मंडल, डा. एन.के. चौरे, डा. अरूण त्रिपाठी, हेमकान्ति बंजारे, डा. एकता ताम्रकार, इंजी. पंकज मिंज, डा. चंचला रानी पटेल, डा. स्वाति शर्मा, सुशीला ओहदार की उपस्थिति रही।

**करें रोजगार व आय का सृजन:** कार्यक्रम के समन्वयक डा. त्रिपाठी ने कहा कि पशु सखियां पशुधन से प्राप्त गोबर, गोमूत्र आदि का कम्पोस्ट, केंचुआ पालन, प्राकृतिक खेती के विभिन्न उत्पाद, जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत आदि बनाकर लाभ अर्जित करें। डा. विरेन्द्र पिल्ले अतिरिक्त उप संचालक पशु चिकित्सा ने कहा कि प्रत्येक गांव में पशु चिकित्सक नहीं पहुंच सकते हैं।

हिंदी साहित्य भारती छत्तीसगढ़ ने किया भव्य आयोजन

# साहित्यकारों ने किया डॉ.चितरंजन का सम्मान

**बिलासपुर।** हिंदी साहित्य भारती छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आयोजित एक शाम डा. चितरंजन कर के नाम का आयोजन किया गया। इसमें साहित्यकारों एवं समन्वय साहित्य परिवार छत्तीसगढ़ बिलासपुर केंद्र की ओर से अध्यक्ष डा. गंगाधर पटेल, सनत तिवारी, राजीव नयन शर्मा तथा आनंद प्रकाश गुप्ता ने डा. कर का शॉल, श्रीफल से सम्मानित किया।

संगीतकार, शिक्षाविद् डा. चितरंजन कर के 78 वें जन्म दिवस के अवसर पर वृंदावन हॉल रायपुर में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डा. सुशील त्रिवेदी थे। प्रसिद्ध नवगीतकार डा. अजय पाठक ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि हिंदी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, वरिष्ठ साहित्यकार गिरीश पंकज, डा. माणिक विश्वकर्मा नवरंग तथा डा. देवधर महंत थे। इस अवसर पर हिंदी साहित्य भारती, समन्वय परिवार छत्तीसगढ़, संकेत साहित्य समिति, छत्तीसगढ़ साहित्य व संस्कृति संस्थान, जय जोहार संस्थान, इतर संस्था एवं विभिन्न हस्ताक्षरों ने डॉ कर का सम्मान किया। हिंदी साहित्य भारती छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष बलदाऊ राम साहू ने



आयोजन संदर्भ पर प्रकाश डालते हुए स्वागत भाषण दिया। डा. विभाषा मिश्र ने डा. चित्तरंजन कर का परिचय वृत्त रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन दिनेश गौतम ने किया। गाए गीत, गजल डा. चितरंजन कर ने अपने गीतों, ग़ज़लों व भजनों की प्रस्तुति दी।

तबले पर संगति सोनू विश्वकर्मा और रूपेन्द्र श्रीवास्तव ने की। डा. कर ने अपनी प्रस्तुति की श्रृंखला में अपने जन्मभूमि ग्राम पैकिन सरायपाली की स्मृतियों से जुड़ा भावपूर्ण गीत-जब से छूटा गांव, गांव को कभी भूला नहीं..सुनाकर सबको भाव विभोर कर दिया।



### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में डा. कर की दुहिता विभूति मुंबई, दौहित्री अंतरराष्ट्रीय ओडिसी नृत्यांगना आर्या नंदे सारंगढ़, ज्येष्ठ पुत्र विवेक, अर्द्धांगिनी माधुरी कर, सुरेन्द्र, अरविंद, संजीव, डा. सुधीर, स्वराज्य, राहुल कुमार, डॉ नरसिंह, रामेश्वर, अरुण, शशांक, राजेश्वर, मोहन लाल, राम, सुमन, राजकुमार, डॉ शैल, अजय, ॠतुराज, मुन्ना लाल सहित छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आए साहित्यकार, प्रोफेसर, परिवारजन मौजूद रहे।

## इनरव्हील ट्रांस अरपा क्लब का इंस्टालेशन संपन्न



**बिलासपुर।** इनरव्हील ट्रांस अरपा क्लब का इंस्टालेशन एक निजी होटल में आयोजित किया गया। इसमें क्लब के सदस्यों और अतिथियों ने मिलकर क्लब के भविष्य की योजनाओं और लक्ष्यों पर भी चर्चा की। मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी मंजूलता उपस्थित थीं। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ प्रकृति वर्मा ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को साझा किया और नव निर्वाचित अध्यक्ष नीता माहेश्वरी को बधाई दी। अध्यक्ष श्रीमती माहेश्वरी ने अपनी टीम के साथ मिलकर क्लब के लक्ष्यों और योजनाओं को साझा किया टीम में ज्योति गुप्ता सचिव, दीपाली दुआ कोषाध्यक्ष, रीमा गुप्ता आईएसओ, प्राची गुप्ता एडिटर के रूप में शामिल हैं।



**बैठक में क्लब की योजनाओं व लक्ष्यों पर की गई चर्चा**

## अनुपयोगी प्लास्टिक के बदले उपयोगी चीजों का वितरण



**बिलासपुर।** रेल परिक्षेत्र को स्वच्छ रखने की दिशा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन सेक्रो मुख्यालय द्वारा एक प्रशंसनीय पहल की जा रही है। स्वच्छता ही सेवा के मूल भाव को आत्मसात करते हुए सेक्रो मुख्यालय कार्यालय में अनुपयोगी प्लास्टिक वस्तुओं बोतलें, रैपर, प्लास्टिक कंटेनर का संग्रहण किया जा रहा है।

**सेक्रो की पर्यावरण संरक्षण की दिशा में विशेष पहल**

सेक्रो की सदस्यों ने बताया कि खुले में प्लास्टिक वेस्ट के फेंके जाने पर पर्यावरण पर इसके दुष्परिणाम देखने को मिलते है। इससे इंसानों के साथ पशुओं के लिए भी खतरा पैदा होता है। ऐसे में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन (सेक्रो) मुख्यालय द्वारा इस एकत्रित प्लास्टिक को बाद में रि-साइक्लिंग हेतु भेजा जाएगा। यह अभिनव प्रयास सेक्रो की अध्यक्षा मीनाक्षी शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रारंभ किया गया है। उनका उद्देश्य न केवल रेलवे परिसरों को स्वच्छ बनाए रखना है, बल्कि कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं व्यक्तिगत जिम्मेदारी की भावना को भी विकसित करना भी है।

## स्वर्णकार समाज के सावन उत्सव में गाए गए गीत



**बिलासपुर।** स्वजाति स्वर्णकार समाज की महिलाओं ने एक निजी होटल में सावन उत्सव उत्साह से मनाया। इस उत्सव में समाज की सभी महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर सावन पर आधारित गीत-संगीत गाए। विविध तरह के गेम खेले। सावन सुंदरी प्रतियोगिता में राधा सोनी, श्रृंगार प्रतियोगिता में नीता सोनी प्रथम रही। गेम में रंजना व ज्योति सोनी को प्राइज दिया गया। इस मौके पर समाज के अध्यक्ष संतोष सराफ, सचिव सीता सोनी, कोषाध्यक्ष अंजू सोनी, अंजना सोनी, आशा सोनी, गीता सोनी, उषा सोनी, गिरजा सोनी, श्रद्धा सोनी, एकता सोनी, रीता सोनी, रंजू सोनी सहित समाज की अन्य महिलाओं की उपस्थिति रही।



**छत्तीसगढ़ स्वर्णकार समाज ने मनाया सावन उत्सव**

# सरकार दे रही पारदर्शिता और डिजिटल अनुपालन को बढ़ावा, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका महत्वपूर्ण

**बिलासपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की बिलासपुर शाखा एवं इनकम टैक्स ऑफिस द्वारा इनकम टैक्स, टीडीएस एवं टीसीएस विषय पर जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन आईसीएआई भवन में किया गया। इस संगोष्ठी का आयोजन आयकर विभाग के सहयोग से किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य करदाताओं, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं छात्रों को टीडीएस टीसीएस तथा अन्य आयकर प्रावधानों की अद्यतन जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अनुभा टाह गोयल, गगन गिरी गोस्वामी, अंजनी कुमार सिंह, सीए जितेंद्र छाबड़ा बिलासपुर एवं विशेषज्ञ वक्ताओं ने जानकारी साझा की और उपस्थितजनों के प्रश्नों के उत्तर दिए। मुख्य अतिथि अतिरिक्त आयकर आयुक्त अनुभा टाह गोयल ने करदाताओं को समय पर और सही टैक्स भुगतान के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बताया

**करदाता समय पर और सही टैक्स भुगतान करें**



कि सरकार पारदर्शिता और डिजिटल अनुपालन को बढ़ावा दे रही है और इस दिशा में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष सी.ए. मनीष सखूजा, सचिव सी.ए.उदय चौरसिया, मंगलेश पांडे,मिलि दे सहित सीए परिवार के वरिष्ठ सदस्य सुशील अग्रवाल, विनोद खत्री, रामेंद्र महेश्वरी, विनोद मित्तल, दिनेश अग्रवाल, जीए गुप्ता, ओम मोदी, मनोज शुक्ला, सत्यकाम आर्य, पीएल अग्रवाल, कृष्नन सहित अन्य चार्टर्ड व्यापारी, व्यापारिक संगठनों व व्यापार प्रकोष्ठ के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। आईसीएआई बिलासपुर शाखा तथा इनकम टैक्स का यह आउटरीच प्रोग्राम यानि पहुंच कार्यक्रम कहा जाता है भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी।

## अग्रवाल समाज की राष्ट्रीय कोर समिति ने लिया 50 लाख पौधरोपण करने का निर्णय

**समाज के बच्चों की शादी की उम्र 22 से 25 वर्ष तय**



**बिलासपुर।** अभा अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कोर समिति का सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें इस वर्ष 50 लाख पौधरोपण कर उसकी देखभाल करने एवं आगामी वर्ष वर्षगांठ मनाने, प्री-वेडिंग व लिव इन रिलेशनशिप पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने सहित कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

शादी की उम्र 22 से 25 वर्ष तक की गई। सम्मेलन में महालक्ष्मी वरदान दिवस, महाराजा अग्रसेन जयंती, अग्रवाल महापुरूषों की जन्म जंयती, विषेश योग्यता हेतु अग्र सम्मान समारोह, वरिष्ठ नागरिक सम्मान, महिला दिवस पर विशेष कार्य हेतु महिलाओं का सम्मान, परिचय सम्मेलनों का आयोजन सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों में राष्ट्रीय स्तर पर निर्णय लिया गया। विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायो डाटा बैंक की स्थापना करने, भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जातिगत जनगणना में उपजाति में अग्रवाल का नाम का उल्लेखित करवाने, संस्था की सदस्यता को ऑनलाईन करने, वाटर हार्वेस्टिंग पर सहभागिता निभाने, युवा प्रतिभा को आगे बढ़ाने खेलकूद का आयोजन करने की बात तय की गई। यह सम्मेलन जोधपुर में आयोजित था।

स्पोर्ट्स न्यूज

# एथलेटिक्स संघ में आधुनिक नियमावली लागू करने पर चर्चा



**बिलासपुर।** प्रदेश एथलेटिक्स संघ की बैठक में आधुनिक नियमावली लागू करने पर चर्चा की गई है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के प्लानिंग कमेटी के अध्यक्ष एवं एशिया एथलेटिक्स महासंघ के अध्यक्ष डॉ. ललित के भनोट के नेतृत्व में एक बैठक रखी गई। इसमें भारतीय एथलेटिक्स संघ के महासचिव डॉ. संदीप मेहता, पूर्व एथलेटिक्स महासंघ के कोषाध्यक्ष एवं झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ. मधुकांत पाठक से प्रदेश एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष महेन्द्र आहूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डी. सुरेश क्रिस्टोफर, महासचिव अमरनाथ सिंह, पीजे सेबेस्टिन ने मुलाकात की।

इस दौरान छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ की गतिविधियों पर गहन विचार विमर्श करते हुए डा. ललित के भनोट ने निर्देशित किया कि प्रदेश एथलेटिक संघ को आधुनिक नियमावली लागू की जाए, जिससे पारदर्शिता एवं कार्यक्षमता में काफी बदलाव आएगा और प्रदेश की गतिविधियों में एथलेटिक्स का विकास दिखाई देगा।

## जिला स्तरीय कराते स्पर्धा में दिव्या सिद्धखुशी ने बनाई जगह



विकासखंड स्तरीय कराते प्रतियोगिता में आनंद मार्ग इंग्लिश मीडियम स्कूल देवनगर कोनी के दिव्या बघेल काव्य नायक वैष्णवी यादव लवली बाग निधि साहू एवं सिद्धखुशी परस्ते ने भाग लिया। जिसमें दिव्या बघेल व सिद्धखुशी परस्ते ने आगे की प्रतियोगिता जिला स्तरीय में अपना स्थान बनाया।

# नीतिश ने राष्ट्रीय तीरंदाजी में किया शानदार प्रदर्शन

राष्ट्रीय सीबीएसई तीरंदाजी कंपाउंड की प्रतियोगिता में नीतिश कुमार ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया है। सीबीएसई तीरंदाजी कम्पाउंड स्टेट लेबल टूर्नामेंट का आयोजन नदिया पश्चिम बंगाल में 9 से 12 जुलाई तक किया गया।





इसमें हिस्सा लेने शहर के देवरीखुर्द निवासी सीताराम रत्नेश के सुपुत्र नीतिश कुमार रत्नेश रवाना हुए थे। होलीक्रास सीनियर हायर सेकेंडरी स्कूल में 10वीं के छात्र नीतिश कुमार ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। नीतिश कुमार रत्नेश पूर्व में राज्य व नेशनल प्रतियोगिता में प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए तीरंदाजी में कई पदक प्राप्त चुके हैं। दिल्ली, गुजरात, आंध्रप्रदेश उनका प्रदर्शन अच्छा रहा। वर्तमान में फार ईस्ट जोन में विभिन्न राज्यों पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, असम से नीतिश कुमार का मुकाबला हुआ, जिसमें उसने कांस्य पदक प्राप्त कर शहर व प्रदेश का नाम रौशन किया है।

## खबर संक्षेप

### शिव महापुराण कथा का आयोजन 21 से

**तखतपुर।** श्री तखतेश्वर महादेव शिव महापुराण कथा का आयोजन 21 से 29 जुलाई तक पुराना थाना प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। इस में मुख्य यजमान सोनिया पारस सोनी एवं कथा वाचक नवीन पाठक रहेंगे।

### युवक के साथ गाली-गलौज मारपीट, मामला दर्ज

**तखतपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाष नगर तखतपुर निवासी मालिक राम यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 17 जुलाई को 11 बजे अवनी ट्रेडर्स के सामने दुर्गेश यादव नामक युवक उससे मिला और पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगा। मालिक राम ने जब उसे ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115,2,296,351,2 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश आवेदन 29 से

**मल्हार।** पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार में सत्र 2026-27 के लिए चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 29 जुलाई से आवेदन किया जा सकता है। प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 13 दिसम्बर को किया जाएगा। प्रवेश के लिए अभ्यर्थी को जिले का मूल निवासी होना आवश्यक है एवं वह जिले के किसी सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा 5वीं में पढ़ रहा हो। अभ्यर्थी यदि कक्षा 3, 4 व 5वीं में से किसी भी कक्षा में शहरी क्षेत्र के विद्यालय में अध्ययनरत रहता है तो वह शहरी क्षेत्र का अभ्यर्थी माना जाएगा।

## निधन

### केशर अग्निहोत्री



**बिलासपुर।** जांजगीर सक्ती निवासी स्व. पं साधुदीन अग्निहोत्री की पत्नी केशर अग्निहोत्री का 17 जुलाई को निधन हो गया। वे 96 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 18 जुलाई निज निवास से सुबह 10 बजे जांजगीर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी वे पं देवेन्द्र नाथ अग्निहोत्री, शैलेन्द्र नाथ, ओंकार दंत अग्निहोत्री की माता एवं आशीष मोनू अवस्थी की नानी एवं पं करुणा शंकर अवस्थी की सास थीं।

### लक्ष्मीकांत शिंदे



**बिलासपुर।** चंदेला नगर निवासी लक्ष्मीकांत शिंदे का आज निधन हो गया। उनका अंतिम यात्रा 18 जुलाई को दोपहर 2 बजे एमआईजी 44 चंदेला नगर से भारतीय नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे रेखा शिंदे के पति एवं संजय कॉकडे के जीजा थे।

### परमेश्वरी देवी अग्रवाल



**लोरमी।** 17 जुलाई रानीगांव निवासी परमेश्वरी देवी अग्रवाल का 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे ओमप्रकाश, श्याम सुंदर, किशनलाल, कमलचंद की माता एवं बिहारी, निखिल, नितिन, प्रवीण, हर्ष, वैभव की दादी व नितेश अग्रवाल मिंटू की ताई थीं।

---

### नपा की सामान्य सभा में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

# मंगल भवन जीर्णोद्धार पर तीखी बहस

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

नगर पालिका सामान्य सभा की बैठक में अध्यक्ष निधि का उपयोग केवल गुरूनानक मंगल भवन के जीर्णोद्धार और उन्नयन पर व्यय किए जाने को लेकर पार्षद कोमल सिंह ठाकुर ने आपत्ति जताते हुए अन्य भवनों के रख-रखाव में भी राशि व्यय करने की मांग की। वहीं, गंदे पानी की सप्लाई को लेकर पार्षद कोमल सिंह ठाकुर और शैलेंद्र निर्मलकर ने हंगामा कर सीएमओ से इसके तत्काल सुधार की मांग की।



सामान्य सभा में शामिल जनप्रतिनिधि।

सामान्य सभा की बैठक अध्यक्ष पूजा मक्कड़ की उपस्थिति में प्रारंभ हुई, जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में यह तय किया गया कि नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत संचालित मुख्य मार्ग की दुकानों से किराया 10 रूपए प्रति वर्गफीट एवं अंदर की दुकानों से 7 रूपए वर्गफीट की दर से किराया वसूला जाएगा, साथ ही नगरपालिका के बिना अनुमति के यदि दुकान या और जगह का उपयोग किया जाता है तो उसका भी किराया लिया जाएगा। जल कर के लिए वैध कनेक्शन धारियों से 180 रूपए प्रति माह की दर से राशि ली जाएगी, वहीं अवैध कनेक्शन वालों से शुरू से लेकर अंत तक की राशि वसूली जाएगी। डीएमएफ मद अंतर्गत सब्जी बाजार को कनकट्टी डबरी में शिप्ट किया जाएगा, वहीं मोढ़े मार्ग में यात्री प्रतिक्षालय का निर्माण कराया जाएगा। नगर पालिका तखतपुर क्षेत्र में चौपाटी निर्माण कार्य के लिए निविदा आमंत्रित किया जाएगा। प्लेसमेंट एजेंसी के तहत कुशल एवं अकुशल कर्मचारी के कार्य हेतु 72 लाख रूपए जोनल टेंडर कराए जाने की निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सीएमओ अमरेश सिंह, उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, विधायक प्रतिनिधि अमित मंदानी, अनुपमा अभिषेक पाण्डेय, कोमल सिंह ठाकुर, शैलेंद्र निर्मलकर, सुनील जांगड़े, इस्लाम अंसारी, जसप्रीत हूरा, कैलाश देवांगन, परमजीत कौर हूरा, अंजू देवांगन, चंद्रप्रकाश देवांगन, अंकित अग्रवाल, प्रियंका आहुजा, मुन्ना श्रीवास, इंजीनियर प्रतिक पाण्डेय, श्री कुर्रे, संजीत आस्थाना, अशोक यादव, गंगा ठाकुर सहित अन्य उपस्थित रहे।

#### पार्षदों में नोंकझोंक

सामान्य सभा की बैठक के दौरान बेलसरी में बाढ़ और सफाई के कारण बिगड़ी स्थिति पर जब पार्षद प्रियंका आहुजा अपनी बात रख रही थीं, इसी दौरान पार्षद शैलेंद्र निर्मलकर ने हस्तक्षेप किया, जिसको लेकर दोनों पार्षदों में जमकर बहस हुई। किसी तरह पार्षद मुन्ना श्रीवास एवं सुनील जांगड़े ने मामले को शांत कराया।

---

## 34 मवेशियों की तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार, एक अन्य फरार

**लोरमी।** पुलिस ने 34 मवेशियों की तस्करी के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, वहीं मामले में अन्य आरोपी फरार हैं। मिली जनकारी के अनुसार बुधवार तड़के सुबह शिवसेना के रामलला श्रीवास, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक श्रीवास, रोहित साहू, भूपेंद्र सिंह राजपूत, मधुसूदन श्रीवास, अमृत पटेल व अन्य शिवसैनिकों सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति 34 मवेशियों को पिटाई करते हुए कहीं ले जा रहे हैं।



इस पर शिवसैनिकों ने कॉलेज के पास मुख्य मार्ग पर युवकों रोककर पूछताछ की तो वे गुमराह करने की कोशिश करने लगे। पशु तस्करी की आशंका पर शिवसैनिकों ने स्थानीय पुलिस थाने मामले की में सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदेही कुमार अंचल पिता स्व सिरदारी अंचल 50 वर्ष निवासी विचारपुर थाना फास्टरपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में कुमार अंचल ने अपने अन्य साथी बेड़ापारा निवासी मन्नू एवं मवेशियों के मालिक अनिल कहने पर 34 मवेशियों को बारघाट बाजार गौरेला-पेंड्रा ले जाकर बूचड़खाने के व्यापारियों को वेचने की बात स्वीकार की। साथ ही उसने अपने साथी मन्नू के भाग जाने की भी जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी कुमार अंचल के कब्जे से 34 नग मवेशियों को जब्त कर अपने कब्जे में लिया एवं आरोपी के खिलाफ छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,6,10, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11 के तहत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

#### आरोपी की तलाश जारी

34 मवेशियों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया एवं 1 अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

**- नवनीत पाटिल**, एसडीओपी

---

## मिनी स्टेडियम के लिए दी 2 करोड़ की स्वीकृति



**तखतपुर।** डिप्टी सीएम व नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने नगर पालिका में अधो संरचना मद से 2 करोड़ रूपए की लागत से मिनी स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति दी है। विधानसभा तखतपुर के विधायक धर्मजीत सिंह ने नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत तखतपुर में खिलाड़ियों की प्रतिभा को विकसित करने सaवारने और बेहतर मैदान मिल सके इसके लिए एक मिनी स्टेडियम की मांग की थी जिसे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव ने स्वीकृति देते हुए इस कार्य के लिए 2 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी है। इस स्टेडियम का निर्माण अधोसंरचना मद से किया गया है। मिनी स्टेडियम के स्वीकृत हो जाने से नगर के खिलाड़ियों में हर्ष व्याप्त है कि अब उन्हें एक बहुत अच्छा मैदान मिलेगा जिससे वे अपने खेल में निखार ला सकेंगे।

## ग्रामीणों को डायरिया के प्रति किया जा रहा जागरूक

**पथरिया।** डायरिया की रोकथाम के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की ओर से 20 जून से 31 जुलाई तक स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों को डायरिया का रोकथाम के लिए जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देशन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता कुंदन राना के मार्गदर्शन चलाए जा रहे अभियान में स्वच्छ गांव-शुद्ध जल-बेहतर कल पर केंद्रित इस मुहिम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर डायरिया से बचाव




के तरीकों से लोगों को अवगत कराया जा रहा है। उन्हें बताया जा रहा है की दूषित जल, गंदगी और अस्वच्छ खानपान से डायरिया फैलती है। इसके लिए लोगों को हमेशा उबला या फिल्टर पानी पीने, खुले में शौच न करने और भोजन को ढककर रखने की सलाह दी जा रही है। वहीं जीवाणु परिक्षण के लिए ग्रामीणों को एच 2 एस वाइल्स का वितरण किया जा रहा है। इस अभियान में सक्रिय महिला संगठन की सदस्य, जल बहनी एवं ग्रामीण बढ़-चढ़ हिस्सा ले रहे हैं।

## नाबालिग को भगाकर ले जाने वाला तेलंगाना से गिरफ्तार

**तखतपुर।** तेरह माह पहले नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर तेलंगाना में ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया एवं नाबालिग को बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। नाबालिग को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने वालों के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। साथ ही 'आपरेशन तलाश' के तहत गुम बच्चों की तलाश कर उनके पगिजनों को सोंपा जा रहा है।



जून 2024 में तखतपुर ग्रामीण क्षेत्र की एक नाबालिग बच्ची को बराही निवासी कौशल चतुर्वेदी पिता राधे लाल चतुर्वेदी उम्र 22 वर्ष बहला फुसलाकर अपने साथ तेलंगाना ले गया। आरोपी ने पिछले एक साल से अपना मोबाइल बंद रखा था, जिससे उसकी तलाश नहीं की जा सकी। इस दौरान वह लड़की से साथ लगातार अनैतिक संबंध बनाता रहा। कुछ दिन पूर्व युवक ने कुछ समय के लिए जैसे ही अपना मोबाइल चालू किया पुलिस को युवक की लोकेशन मिल गई, जिसके आधार पर पुलिस ने तेलंगाना राज्य के ग्राम रंगारेड्डी पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने नाबालिग को आरोपी के कब्जे से बरामद कर तखतपुर थाने लाई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 पॉक्सो एक्ट, 363, 366 के तहत कार्रवाई कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी अनिल अग्रवाल ने बताया कि ऑपरेशन तलाश के तहत नाबालिग बच्ची को बरामद किया गया है और आरोपी कौशल चतुर्वेदी के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## जुए के फड़ में पुलिस का छापा, 8 गिरफ्तार

**सीपत।** ग्राम लुतरा में नहर के पास जंगल की आड़ में चल रहे जए के फड़ पर सीपत पुलिस छापेमार कार्रवाई करते हुए 8 जुआरियों को पकड़ने में सफलता पाई है। बुधवार 16 जुलाई को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम लुतरा में नहर के पास जंगल में शेख सफर एवं शेख अफजल नामक व्यक्ति जुआरियों को इकट्ठा कर अवैध रूप से जुआ खिला रहे हैं।



सूचना पर थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने टीम गठित कर मौके पर घेराबंदी कर छापेमार कार्रवाई करते हुए 8 लोगों को जुआ खेलते पकड़ा लिया। पकड़े गए जुआड़ियों में शेख सफर, शेख अफजल, रवि बरानी, अमन साहू, विष्णु लोधी, संदीप यादव, दीपक साहू, और रमेश आर्मो शामिल हैं। पूछताछ में सामने आया कि शेख सफर और शेख अफजल मिलकर लंबे समय से संगठित रूप से जुए का संचालन कर रहे थे, जहां दूर-दराज के जुआरी पहुंचकर ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाते थे। पुलिस ने आरोपियों से 52 पत्ती ताश, 7 हजार 450 रुपए नगद और 9 मोबाइल फोन जब्त कर लिए। पुलिस ने मौके से 52 पत्ती ताश, 7 हजार 450 रुपए नगद और 9 मोबाइल फोन जब्त किए। आरोपियों के खिलाफ नवीन दंड संहिता की धारा 112 बीएनएस एवं छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3(2) के तहत संगठित अपराध का मामला दर्ज करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## केशरवानी महिला समिति ने किया पातालेश्वर महादेव का जलाभिषेक



**मुंगेली।** केशरवानी महिला समिति की सदस्यों ने जल यात्रा के तहत मल्हार जा कर ऐतिहासिक पातालेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर जल चढ़ा कर आर्शीवाद लिया और भोलेनाथ की भजन-कीर्तन का आनंद लिया। हर वर्ष की भांति इस बार भी केशरवानी महिला समिति की सदस्यों ने जलयात्रा निकाल कर मल्हार के ऐतिहासिक पातालेश्वर महादेव पर जल चढ़ाया एवं भोले बाबा की पूजा-अर्चना उनका आशीर्वाद प्राप्त कर फोटोग्राफी करते हुए मंदिर के इतिहास की जानकारी ली। कहा जाता है कि पातालेश्वर मंदिर प्राचीन स्मारकों और पुरातात्विक स्थलों का राष्ट्रीय महत्व बहुत है एवं पातालेश्वर मंदिर को मूल रूप से केदारेश्वर मंदिर भी कहा जाता है, जो भगवान शिव को समर्पित मल्हार का अनोखा मंदिर है।

## चन्द्रा ने ग्रहण किया मरवाही विखं शिक्षा अधिकारी का कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

विकासखंड शिक्षा अधिकारी पेंड्रा आरएन चन्द्रा का स्थानांतरण विकासखंड शिक्षा अधिकारी मरवाही के पद पर हुआ है। श्री चन्द्रा के मरवाही विकासखंड शिक्षा अधिकारी का कार्यभार ग्रहण करने पर विखं शिक्षा अधिकारी दिलीप कुमार पटेल, कार्यालयीन स्टाफ व शिक्षक संगठन के पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत कियो।



श्री चन्द्रा ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी पेण्ड्रा के पद पर लगभग 3 वर्षों तक कार्य किया, इनकी अनुशासन प्रियता एवं प्रशासनिक क्षमता से पेण्ड्रा शिक्षा के क्षेत्र में सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में अव्वल रहा। चूंकि श्री चन्द्रा स्थानीय निवासी है, इसलिए यहां की भौगौलिक स्थिति से भलीभांति परिचित है। इनकी प्रशासनिक क्षमता एवं अनुभव का लाभ मरवाही शिक्षा विभाग को मिलेगा। इस अवसर पर दिलीप कुमार पटेल विकासखंड शिक्षा अधिकारी, अजय राय बीआरसीसी, सीएसी संघ के अध्यक्ष प्रमोद राय, शिक्षक संगठन से मोहन मिश्रा, इन्द्रपाल चन्द्रा, नीरज राय, आशीष शुक्ला, नामदेव सीएसी, राकेश गुप्ता, जीवन यादव, लक्ष्मण झारिया, रविन्द्र मिश्रा एवं समस्त कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।

---

**नाम परिवर्तन की सूचना**

हम डॉ.नीलिमा गंधर्व पति नागेश्वर गंधर्व उम्र 28 वर्ष एवं नागेश्वर गंधर्व पिता राजकुमार गंधर्व उम्र 35 वर्ष दोनो निवासी -महर्षि स्कूल के पास, मंगला, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के रहवासी हैं तथा आम सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित करते हैं कि हम दोनों को विवाह के पश्चात दाम्पत्य जीवन से दिनांक 26/01/2022 को एक पुत्री उत्पन्न हुई जिसका नाम हमने भूलवश जन्म प्रमाण पत्र में तूषिका गंधर्व अंकित करा दिया, वर्तमान में वह लगभग 03 वर्ष की हो चुकी है जिसका आधार कार्ड में भी नाम तूषिका गंधर्व अंकित हो चुका है। उपरोक्त पुत्री तूषिका गंधर्व का नाम परिवर्तित कर हम दोनों निखर गंधर्व अंकित कराना चाहते हैं।

अतः नाम परिवर्तन हेतु यह आम सूचना प्रकाशित करते हैं कि भविष्य में हमारी पुत्री को तूषिका गंधर्व के स्थान पर निखर गंधर्व के नाम से जाना एवं पहचाना जावे तथा जिन दस्तावेजों में तूषिका गंधर्व अंकित हो चुका है उसे सुधार कर निखर गंधर्व किया जावे।

दिनांक: 15/07/2025

**सूचनादातागण**
**डॉ.नीलिमा गंधर्व पति नागेश्वर गंधर्व**
**नागेश्वर गंधर्व पिता राजकुमार गंधर्व**
**दोनो निवासी-महर्षि स्कूल के पास, मंगला, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

---

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक // ना.तह/वा./20... बिलासपुर, दिनांक 16/07/2025
रा.प्र.क/ब-121/2021-22
ग्राम मंगला

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मंगला प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. बिलासपुर तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका बीसन पटेल पिता/पति जेठू पटेल निवासी ग्राम मंगला के द्वारा जन्म/मृतक/मृतिका माता दुखन बाई पटेल की जन्म/मृत्यु दिनांक 03/08/2002 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 28/07/25 को दावा आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया।

कार्यपालिक दंडाधिकारी
बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**
**सूचना**

क/क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 17/07/2025

प्रति,
1. पृथ्वी सिदारा 2. हुगली समिति 3. धनजी भाई ठाकुर 4. डुलाराम विधानी 5. मनोज सिदारा अन्य सर्वसंबंधित हितबद्ध पक्षकार
(समीपी भूमिस्वामी की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)
विषय :- सीमांकन में उपस्थिति होने बाबत्।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/तह/वाचक/2025 बिलासपुर, दिनांक 15/07/2025

आवेदक पृथ्वी राज सिदारा निवासी तोरवा के द्वारा ग्राम तोरवा प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 1372/2, 1371/2 रकबा 0.4840 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 23/07/25 को समय 11-5PM बजे किया जायेगा। अतः आप भूनि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

**टीप** :- 1. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**
**सूचना**

क/क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 17/07/2025

प्रति,
1. पृथ्वी सिदारा 2. हुगली समिति 3. धनजी भाई ठाकुर
(समीपी भूमिस्वामी की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)
विषय :- सीमांकन में उपस्थिति होने बाबत्।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/तह/वाचक/2025 बिलासपुर, दिनांक 15/07/2025

आवेदक मनोज सिदारा निवासी तोरवा के द्वारा ग्राम तोरवा प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 1369/2, 1367, 1368/3/क, 1368/2, 1368/1, 1372/9 रकबा 0.442 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 23/07/25 को समय 11-5PM बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

**टीप** :- 1. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.**
**सूचना**

क/क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 17/07/2025

प्रति,
1. आतम दलाल 2. कमलेश, रामदास 3. राजपूत की सम्पत्ति/मंदिर
(समीपी भूमिस्वामी की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)
विषय :- सीमांकन में उपस्थिति होने बाबत्।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र/क/तह/वाचक/2025 बिलासपुर, दिनांक 15/07/2025

आवेदक अर्जुन गेमनानी निवासी तोरवा के द्वारा ग्राम तोरवा प.ह.नं. 37 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 1336/7/क रकबा 0.2510 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 23/07/25 को समय 11-5PM बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

**टीप** :- 1. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
जूना बिलासपुर (छ.ग.)

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202305250500064
अ-6-अ/2022-23
ग्राम बरदुली प.ह.नं. 15

**// नोटिस //**

प्रति, 1. रूखमणी पिता मानसिंह, 2. सुखमणी पिता मानसिंह, 3. प्रेमलता पिता मानसिंह, 4. मनीष पिता स्व. प्रभा, 5. रेखा पिता स्व. प्रभा, 6. रश्मि पिता स्व. प्रभा, 7. पिंकी पिता स्व. प्रभा, 8. दिलहरण पिता पूनदास, 9. सूरज पिता पूनदास, 10. फूलदास पिता पूनदास, 11. सरोजनी पिता पूनदास सभी निवासी ग्राम केंवटाडीह तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुभा पुत्री स्व. तिमोथी निवासी ग्राम केंवटाडीह तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) एवं 06 अन्य द्वारा ग्राम बरदुली प.ह.नं. 15 तहसील पथरिया जिला मुंगेली स्थित भूमि खसरा नम्बर 5/1, 48/2 रकबा क्रमशः 0.4370, 0.4050 हे. कुल रकबा 0.842 हे. कृषि भूमि अनावेदक के नाम पर दर्ज है। जो आवेदिका गण की पैतृक सम्पत्ति है जिस पर कृषि काश्तकारी कर कब्जे में चले आ रहे है। उक्त भूमि नामांतरण पंजी वर्ष 1994-95 के नामांतरण क्रमांक 09 में आवेदिका गण के नाम पर दर्ज है तथा वर्तमान में अनावेदक के नाम पर दर्ज होने से आवेदिका गण को कृषि कार्यो में असुविधा हो रही है। उक्त भूमि के मृतक खातेदार स्व. गंगवा पिता पतंगा उर्फ धनं प्रकाश व स्व. टेटकू उर्फ बिरम पिता पतंगा उर्फ धन प्रकाश एवं पुनिया बाई पुत्री भेसहा, उषा पुत्री तिमोथी, बिना पुत्री तिमोथी, प्रवीन कुमार पिता तिमोथी तथा अनावेदक के नाम को राजस्व अभिलेख से विलोपित करते हुए नामांतरण पंजी व कब्जा के आधार पर आवेदिका गण के नाम पर अभिलेख दुरूस्त किये जाने बाबत आवेदन पत्र अन्तर्गत छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 115 के तहत प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई तिथि 28/07/2025 को प्रातः 11 बजे नियत है। अतः आप प्रकरण की सुनवाई तिथि एवं नियत समय पर मेरे न्यायालय में उपस्थित होवे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 14/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से नोटिस जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)**
**पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

---

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

:: ईश्तहार ::

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-25
ग्राम चन्द्रखुरी प.ह.नं. 14

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. तुकाराम पिता रामसिंग निवासी चन्द्रखुरी तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम चन्द्रखुरी प.ह.न. 14 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 218/20 रकबा 00240 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति / दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 30/07/2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

---

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार श्री अनिल पाण्डेय पिता श्री गजानंद पाण्डेय निवासी केशर आवास 1 राजकिशोर नगर की ओर से यह आम सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरे पक्षकार के पिता श्री गजानंद पाण्डेय जी के नाम पर राजकिशोर नगर में भू-खण्ड क्र. 15 रकबा 30x50 वर्गफुट पर दो कमरे का मकान तीन दुकान निर्मित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में दिनांक 15/03/2022 को WPC 733/2022 माननीय उच्च न्यायालय में अनिल पाण्डेय पिता गजानंद पाण्डेय जी के बीच में समझौता पत्र संम्पन्न हुआ है। जिसमें उक्त सम्पत्ति के संबंध में निश्चत व्यवस्था की गई है। यह स्पष्ट किया जाता है कि उपरोक्त सम्पत्ति किसी भी प्रकार से विक्रय, हस्तांतरण/बंधक के लिए उपलब्ध नहीं है। उक्त सम्पत्ति को कोई व्यक्ति / संस्था के द्वारा क्रय-विक्रय किया जाता है तो वह अवैध एवं शून्य माना जायेगा।

अत: इत्तला जाने।
बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक :

**भरत लोनिया**
**अधिवक्ता**
**कार्यालय-श्री भगवान मंगलम**
**टेलीफोन एक्सचेंज के बगल में**
**मो.नं.: 9827156687**

---

प्रो.-329/25

**न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

1/ रघुवीर उम्र 20 वर्ष, पिता स्व. गोविंद सिंह 2/ रघुनाथ उम्र 25 वर्ष, पिता स्व. गोविंद सिंह 3/ रानू ध्रुव उम्र 29 वर्ष, पिता स्व. गोविंद सिंह 4/ त्रिवेणी ध्रुव उम्र 26 पिता स्व. गोविंद सिंह निवासी वार्ड नं. 06 अचानकपुर तहसील बोदरी जिला बिलासपुर छ.ग... आवेदगण

**विरूद्ध**

आम जनता....अनावेदक

आवेदकगण द्वारा भारतीय स्टेट बैंक शाखा चकरभाठा के खाता क्रमांक 11292913232 में जमा राशि गोविंद सिंह ध्रुव के नाम से राशि प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 372 के अंतर्गत प्रस्तुत किया है। इस प्रकाशन के माध्यम से उक्त राशि पर या आम जनता जो उससे हित हो मय दस्तावेज उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। दिनांक 22/07/2025 के बाद में किया गया दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा।

**(आकांक्षा सक्सेना)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

---

-: आम सूचना :-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मौजा बिनौरी प.ह.नं. 46 रा.नि.म. पेंडारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 27/1, 27/2 रकबा कमशः 0.1490, 0.1620 हेक्टेयर भूमिस्वामी श्रीमति संगीता मिश्रा पति हरि शर्मा एवं खसरा नंबर 27/3 रकबा 0.3850 हेक्टेयर, भूमिस्वामी अंजली शर्मा पिता हरि शर्मा दोनो निवासी नर्मदा नगर बिलासपुर छ.ग. की उक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा करते हुए अग्रिम धन भुगतान कर दिया है और निकट भविष्य में शेष प्रतिफल भुगतान कर पंजीकृत विकयपत्र निष्पादित करायेगा।

अत: किसी भी व्यक्ति संस्था एवं निकाय को उक्त संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर मेरे नीचे बताये पते पर मय दस्तावेज के आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद अवधि कोई भी आपत्ति अवैधानिक एवं प्रभाव शुन्य माना जावेगा। सो सूचना जाने।

दिनांक 17/7/2025

ऐश्वर्य पान्डेय, अधिवक्ता
शुभम विहार, ओम जोन गेट के पास
बिलासपुर
मो.नं. 83194-33844

---

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अटल आवास, सुरदा मुंगेली, जिला मुंगेली में निर्मित अटल आवास भवनों में से भवन क्रमांक अटल आवास 103 आबंटी श्री मोहम्मद युनूस पिता श्री मोहम्मद यासीन के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 20.02.2019 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को नाम श्री बृजेश कुमार दीक्षित पिता श्री रमेशचंद्र दीक्षित को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/ शासकीय / अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/ बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)**

---

न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर, बिलासपुर छ.ग.

दिलहरण लाल वर्मा आ. रामजी वर्मा, निवासी गोड़पारा मोपका पानी टंकी के पीछे बिलासपुर, द्वारा मुख्तियारखास मनोज वर्मा आ. दिलहरण लाल वर्मा, निवासी शनि मंदिर रोड पंचवटी कालोन वार्ड नंबर 47 बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.
..........पुनरीक्षणकर्ता

**विरुद्ध**

अंबिका राठौर पति एम पी राठौर, निवासी झोपड़ापारा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ..............उत्तरवादी

रा.प्र.क्र. 202501071800157/अ-12
पेशी दिनॉक 14.08.2025

उपरोक्त प्रकरण में पुनरीक्षणकर्तागण दिलहरण लाल वर्मा आ. रामजी वर्मा निवासी गोड़पारा मोपका पानी टंकी के पीछे बिलासपुर द्वारा मुख्तियारखास मनोज वर्मा आ. दिलहरण लाल वर्मा निवासी शनि मंदिर रोड पंचवटी कालोन वार्ड नंबर 47 बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के प्रकरण क्रमांक 202212072500098/अ-12/2022-23 पक्षकार अंबिका प्रसाद राठौर बनाम छ.ग. शासन में पारित आदेश दिनाँक 02.12.2022 से क्षुब्ध होकर इस न्यायालय छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के अंतर्गत पुनरीक्षण प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनॉक 14.08.2025 को नियत है। अतः उत्तरवादी अंबिका राठौर पति एम पी राठौर निवासी झोपड़ापारा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. अपना पक्ष रखने हेतु इस न्यायालय में नियत पेशी दिनॉक 14.08.2025 को सुबह 11:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। आपके अनुपस्थित रहने पर आपके खिलाफ प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनॉक 10 जुलाई 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**ज्योति पटेल**
**अतिरिक्त कलेक्टर, बिलासपुर (छ.ग.)**

---

न्यायालय तहसीलदार मरवाही
जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

// उद्‌घोषणा //

क्रमांक क/ /तह./री-1/2025 मरवाही, दिनांक 16/07/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम खुरपा प.ह.नं. 13, राजस्व निरीक्षक मण्डल मरवाही, तहसील मरवाही, जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 395/3 शामिल 397/3, 425, 429/3, 430, 433, 569, 578/4, 695/3, 749/6, 749/7, 819/6, 920/1, 921/3, 948 रकबा 0.242, 0.073, 0.100, 0.008, 0.170, 0.340, 0.073, 0.081, 0.089, 0.077, 0.020, 0.016, 0.081, 0.405 हे. कुल ख.नं. -14, रकबा 1.775 हे. भूमि वर्तमान रा. अभिलेखों में आवेदकगण के सगे चाचा जनोहर वल्द नरबदउ के नाम पर दर्ज है। जिनकी मृत्यु दिनांक 09/06/2015 को निवास स्थान ग्राम खुरपा में हो चुकी है। तदोपरांत जिसका फौती नामांतरण कराया जाना था परंतु ऑनलाइन अभिलेखों में सहखातेदार के रूप में चंदाबाई जौजे बहादुर सिंह का नाम दर्ज है, जिसका आवेदित भूमि से कोई संबंध नहीं है। उपरोक्त परिस्थितियों में मृत खातेदार जनोहर आ. नरबदउ के नाम पर दर्ज आवेदित भूमि के ऑनलाइन रिकार्ड से अनावेदिका का नाम विलोपित किया जाकर रिकार्ड दुरुस्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया।

अत: जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो दिनांक 28/07/25 के पूर्व वह अपने अभिभाषक व अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 16/07/25 को न्यायालय की मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार मरवाही
जिला-गौरेला-पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### मुरकुटा स्कूल के प्रधान पाठक अंजोरदास को दी गई विदाई



**बिल्हा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुरकुटा के प्रधान पाठक अंजोर दास कांत की सेवानिवृत्ति पर संकुल मुरकुटा में भव्य विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने कांत के शांत, सहज, सरल, कर्तव्यनिष्ठ और अनुशासन प्रिय स्वभाव की सराहना की। समारोह में संकुल प्रभारी अष्टशीला गलपांडे, सरपंच चंद्रशेखर मांडवी, उपसरपंच, पंच, भूतपूर्व सरपंच मेलू राम साहू, एसएमसी और एसएमडीसी के पदाधिकारी, स्व सहायता समूह के सदस्य, गोवर्धन प्रसाद पाटले, संकुल के सभी प्रधान पाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, ग्रामवासी व कांत परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शिवकुमार सिदार, केशव वर्मा, राकेश कुमार शुक्ला, दीप्ति सेसिल अल्फ्रेड, डॉ चंद्रशेखर यादव, काशी क्षत्री, रामरतन सेन, सन्नाड्य सर, कलेश्वर साहू शामिल रहे। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन अनिल कुमार ध्रुव एवं आभार प्रदर्शन अनिल कुमार तिवारी ने किया गया।

### मंगला पंचायत में 10 लाख के सीसी रोड का भूमिपूजन



**बोदरी।** ग्राम पंचायत मंगला के बढ़ई पारा मोहल्ला में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक की अनुशंसा पर स्वीकृत 10 लाख रुपए के सीसी रोड का भूमिपूजन कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमेश तिवारी, महामंत्री भोलाराम साहू, उमेश खुसरो, उत्तरा साहू, जंतराम कैवर्त, महेंद्र पटेल, डोंगरू राम पटेल, सहेतरू निषाद, सुखरू राम साहू, बिहारी पटेल, बुधारू निषाद, नरेश साहू, सिया निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी व मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

### रक्तदान पीड़ित मानवता के लिए बड़ी सेवा, 45 यूनिट ब्लड जमा



**तखतपुर।** मान्यता प्राप्त संस्था सर्व मानव जागृत युवा सेवा समिति छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में थैलेसीमिया, सिकलसेल, दुर्घटना एवं ब्लड कैंसर से पीड़ितों के लिए निशुल्क खून जांच परीक्षण शिविर का आयोजन राम सदन तखतपुर में आयोजित किया गया। शिविर में 45 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। जिसमें सिम्स हॉस्पिटल ब्लड बैंक में 15 यूनिट और आशीर्वाद ब्लड बैंक में 30 यूनिट जमा हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पूजा मक्कड, उपाध्यक्ष गौरी अजय देवांगन, जसप्रीत रमन हुरा पार्षद वार्ड, परमजीत लवली हुरा पार्षद वार्ड अनुपमा पाण्डेय पार्षद वार्ड नंबर, पूजा बबलू पार्षद, वरुण सिंह ठाकुर अमित मंदानी उपस्थिति रहे। पूजा मक्कड़ ने कहा कि रक्तदान शिविर पीड़ित मानवता की एक बड़ी सेवा है जिसे आप लोग करते हैं। आयोजन में घनश्याम श्रीवास, उपाध्यक्ष आकाश यादव, सचिव मनोज कश्यप, कोषाध्यक्ष संदीप यादव, समिति के सक्रिय संचालक ओम प्रकाश जायसवाल, कैलाश धुरी, दुष्यंत साहू, मनोज जायसवाल, रमेश साहू, पप्पू साहू, कुशाल सोनकर, रोशन नेताम आदि ने पूरे दिन भर युवाओं को प्रेरित करते रहे।

### अभाविप कार्यकर्ताओं ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** शासकीय प्राथमिक शाला सिंगापुरी से 9 जुलाई को प्रधानाचार्य द्वारा शराब का सेवन कर विद्यालय प्रांगण में जाकर अपने आप को दरवाजे में बंद करने का मामला सामने आया। मामले को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रधानाचार्य को बर्खास्त करने के लिए ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अतुल साहू ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है और विद्यालय में प्रधानाचार्य का नशे के हालत में विद्यालय आना शिक्षा के जगत को शर्मसार करने वाली बात है। विद्यालय में ऐसे शिक्षकों की कोई जरूरत नहीं है, ऐसे शिक्षक को विद्यालय से जल्द से जल्द बर्खास्त किया जाए।

### सेवानिवृति पर प्रधान पाठक को दी गई भावभीनी विदाई



**लोरमी।** ग्राम कोतरी स्कूल के प्रधानपाठक द्वारिका दास वैष्णव 41 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर क्षेत्र के पालको एवं शिक्षकों ने विदाई समारोह का आयोजन किए। घर पहुंचने पर धर्मपत्नी शैल बाई, बिटिया प्रिया, प्रीतू, प्राची, आंचल ने आरती के साथ उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त बीईओ दिलीप सिंह राजपूत, सहायक विकासखंड अधिकारी सुनील शर्मा, डीआर ध्रुव, प्रधानपाठक फत्तेराम कश्यप, डीएल राठौर, नरेश दुबे, प्रभारी प्रधानपाठक लीला साहू, शशि कश्यप, जितेंद्र वैष्णव, जनोहर पटेल, उमाशंकर सिंह राजपूत, प्रदीप राजपूत, मसना सरपंच नरेंद्र मरावी, प्रतिनिधि अरुण साहू, पालक किशोर साहू, संतोष कश्यप सहित संकुल समन्वयक गिरीश क्षत्रिय, नरसिंह राजपूत, नंदकुमार कश्यप, चंद्रकली, सुखनंदन, नीता कश्यप, तेजप्रताप सिंह, श्रवण कुलमित्र, वरिसा मांडवी, संकुल प्राचार्य पीपी खांडेकर, कामेश्वर कश्यप, लोकेश पुष्पा कुलमित्र आदि की उपस्थिति रही। मंच संचालन शिक्षक राजकुमार कश्यप ने किया।

## 20 हजार से कम आबादी वाली कैटेगरी में मिला अवार्ड

# बिल्हा पंचायत को स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिल्हा



राष्ट्रपति से अवार्ड लेते डिप्टी सीएम अरुण साव।

भारत सरकार शहरी एवं आवासन मंत्रालय द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 - 25 (9वां वर्ष) के अंतर्गत पुरस्कार समारोह में नगर पंचायत बिल्हा को 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों में पूरे भारतवर्ष में स्वच्छता में पहला स्थान दिया है। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने उपमुख्यमंत्री एवं अरुण साव, अध्यक्ष नगर पंचायत बिल्हा वंदना जेन्ड्रे एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सिंह गहलोत को मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। पुरस्कार वितरण समारोह में केंद्रीय शहरी एवं आवासनमंत्री मनोहर लाल खट्टर एवं शहरी एवं अवासन राज्य मंत्री तोखन साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

■ बिल्हा ने पूरे देश में बढ़ाया प्रदेश का मान

गौरतलब है कि भारत में 20 हजार से कम आबादी वाले 2 हजार से अधिक शहर है जिसमें भारत सरकार के द्वारा स्वच्छता के विभिन्न पैरामीटर को ध्यान में रखकर स्वतंत्र एजेंसियों द्वारा सफाई व्यवस्था का परीक्षण, वेरीफिकेशन कराया जाता है। इसमें कचरा कलेक्शन, नाइट स्विपिंग, रोड स्विपिंग, कचरे का निपटान, सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था एवं गार्डन की साफ सफाई व्यवस्था की जांच की जाती है। साथ ही साथ शहर के आम जनता से भी सर्वे करके सफाई व्यवस्था के बारे में जानकारी ली जाती है। भारत सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए बिल्हा का राष्ट्रपति अवार्ड के लिए चयन होने पर बिल्हा के समस्त जनप्रतिनिधि, नागरिक एवं नगर पंचायत बिल्हा के अधिकारी एवं कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने इस विशेष उपलब्धि के लिए नगर पंचायत बिल्हा की पूरी टीम को बधाई प्रेषित की है। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक एवं क्रेडा अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी ने नगर पंचायत परिवार को शुभकामनाएं दी हैं। राजधानी रायपुर में दो दिनों तक आयोजित नगर सुराज संगम में सभी नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को देश-विदेश में बेहतर स्वच्छता के लिए अपनाई गई बेस्ट प्रेक्टिसेस और नवाचारों से अवगत कराया गया।

साथ ही उन्हें देश के स्वच्छतम शहरों का भ्रमण एवं अध्ययन कर उत्कृष्ट प्रथाओं को अपने-अपने निकायों में अपनाने के लिए प्रेरित किया। अध्ययन भ्रमण के बाद कार्यशाला आयोजित कर क्रियान्वित नवाचारों के संबंध में मंथन कर अनुभव साझा किया।

**समर्पण व परिश्रम का परिणामः साव**

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने राज्य के नगरीय निकायों की ओर से पुरस्कार प्राप्त करने के बाद कहा कि छत्तीसगढ़ ने ₹स्वच्छता परमो धर्मः₹ के ध्येय वाक्य को चरितार्थ किया है। प्रदेश की जनता ने स्वच्छता को संस्कृति का हिस्सा बनाया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ के निकायों को जो सम्मान मिल रहा है, वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन, विष्णु के सुशासन, प्रदेशवासियों के सहयोग और अधिकारियों-कर्मचारियों के समर्पण तथा परिश्रम का परिणाम है। श्री साव ने कहा कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग का जिम्मा मिलने के बाद नगरीय निकायों के अधिकारियों को फील्ड में नियमित निरीक्षण के लिए निर्देशित किया था। इससे शहरों में साफ-सफाई की व्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन आया। ऐसे स्थानों जहां अधिक मात्रा में कचरा फेंका जाता है, उन्हें स्वच्छता लक्षित इकाई के रूप में चिन्हांकित कर स्वच्छ करने पर जोर दिया गया। श्री साव ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में स्वच्छता के क्षेत्र में और भी अच्छे परिणाम देखने को मिलेंगे।

**ये रहे मौजूद**

पुरस्कार वितरण समारोह नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 17 जुलाई 2024 को संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में नगर पंचायत बिल्हा से अध्यक्ष वंदना जेन्ड्रे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सिंह गहलोत, उपाध्यक्ष सतीश शर्मा, पीआईसी सदस्य मोहन ढोरिया, तत्कालीन उप अभियंता नगर पंचायत बिल्हा नरेंद्र दुबे, सफाई दरोगा यशवंत सिंह, स्वच्छता सुपरवाइजर राकेश डागोर, स्वच्छता दीदी पूजा राठौर एवं अंकित दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने कलेक्टोरेट में किया प्रदर्शन




धरना प्रदर्शन करते कर्मचारी।

**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की ओर से 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर परिसर में प्रदर्शन किया गया। फेडरेशन के जिला उप संयोजक अवधेश शुक्ला ने कहा कि प्रदेश कर्मचारी एवं पेंशनरों के लिए मोदी की गारंटी अनुसार केन्द्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता दिया जाए, जुलाई 2019 से समय-समय पर देय महंगाई भत्ते की लंबित एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए, पिगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक कर लागू किया जाए।

उन्होंने कहा कि यदि उक्त मांगों पर 22 अगस्त 2025 के पूर्व निर्णय नहीं लिए जाने पर 22 अगस्त शुक्रवार को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इसके बाद रैली निकाल कर 11 सूत्रीय मांगों के संबंध में नायब तहसीलदार दिलीप खान्डे को ज्ञापन सौंपा गया। उक्त रैली ज्ञापन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला संयोजक जेएस ध्रुव, छत्तीसगढ़ शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष आरके वैष्णव, छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बिन्दु भास्कर, पेंशनर संघ से सईद खान शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अत्रिप्रताप सिंह छत्तीसगढ़ लिपिक संघ के जिला अध्यक्ष रिजवी, छत्तीसगढ़ अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष डॉ आईपी यादव, प्रधान पाठक संघ से दिनेश निर्मलकर, केपी घिडोरे, लक्ष्मीकांत जडेजा, किशन चंद वारे, जिला सचिव कृष्ण कुमार वर्मा, जिला प्रवक्ता फूलचंद यादव, तहसील अध्यक्ष पीएल दिवाकर, जेपी साहू, प्रविण मिश्रा, संजय श्रीवास्तव, अरविंद पाण्डेय, अश्वनी बन्जारे, भोलादेव ध्रुव, दिलीप खान्डे, डीडी मानिकपुरी, हीरा प्रसाद चतुरगोष्टी अनिल कुमार, एएल त्रिलोकी, पीएल पांडेय आदि उपस्थित थे।

**दो वर्ष पुराने मामले में हर्षिता समेत 12 लोगों के खिलाफ हुई थी एफआईआर**

# पुलिस ने हर्षिता को फरार बताकर पेश किया चालान, कोर्ट से मिली जमानत

हरिभूमि न्यूज ⏭ करगीरोड कोटा



जमानत के लिए कोर्ट पहुंची हर्षिता पांडेय एवं उनके समर्थक।

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष एवं भाजपा नेत्री हर्षिता पाण्डेय को कोटा पुलिस ने दो साल पुराने एक मामले में फरार बताकर कोर्ट में चालान पेश किया, जबकि इस अवधि में वे लगातार सार्वजनिक और प्रशासनिक आयोजनों में भाग लेती रहीं। इस मामले में गुरुवार को श्रीमती पांडेय ने कोटा न्यायालय में पेश होकर जमानत ले ली।

जानकारी के अनुसार मामला 13 फरवरी 2023 को सकरी-कोटा मुख्य मार्ग पर गनियारी के पास चक्काजाम की घटना को लेकर कोटा पुलिस ने बारह लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें भाजपा नेत्री हर्षिता पाण्डेय का भी नाम शामिल था। पुलिस ने अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी जमानत करवा दी थी, जबकि हर्षिता पाण्डेय को न तो इस एफआईआर की कोई जानकारी दी गई और न ही किसी प्रकार की कानूनी तामिली की गई। पुलिस ने उन्हें फरार घोषित करते हुए न्यायालय में चालान पेश कर दिया। जब इस बात की जानकारी हर्षिता पाण्डेय को हुई तो उन्होंने अधिवक्ता नरेंद्र गोस्वामी के माध्यम से कोटा कोर्ट में पेश होकर जमानत याचिका दाखिल की। इस दौरान कोटा नगर पंचायत के उपाध्यक्ष प्रदीप कौशिक ने उनके लिए जमानतदार की भूमिका निभाई। न्यायालय ने उनकी जमानत मंजूर कर ली, जिस दौरान पुलिस उन्हें फरार बता रही थी, उस समय हर्षिता पाण्डेय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सहित कई महत्वपूर्ण आयोजनों में शामिल हो रही थीं, जहां पुलिस की भी उपस्थिति रहती थी। अधिवक्ता नरेंद्र गोस्वामी ने बताया कि हर्षिता पाण्डेय के खिलाफ धारा 147 व 347 के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्हें समय पर सूचना नहीं दी गई और बिना जानकारी के फरार घोषित कर चालान प्रस्तुत कर दिया गया। आज वे सक्षम जमानतदार प्रदीप कौशिक के साथ न्यायालय में उपस्थित हुईं और उन्हें जमानत प्रदान कर दी गई।

**मैंने जमानत ले ली**

जनहित के मुद्दों को उठाना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी होती है। इसी कड़ी में यह आंदोलन हुआ था। पूर्व की सरकार ने विरोध करने वालों पर चुन-चुनकर एफआईआर दर्ज करवाई थी। जानकारी मिलने पर मैंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत होकर जमानत प्राप्त की है।

-हर्षिता पाण्डेय, भाजपा नेत्री।

## सम्मान केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अभाविप के कार्यकर्ता।

77वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सीपत ने एनटीपीसी के संस्कृति क्लब में 'उत्कर्ष मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह' का आयोजन किया। कार्यक्रम में सीपत क्षेत्र के 26 शासकीय व अशासकीय विद्यालयों से चयनित 165 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

■ एबीवीपी ने 26 स्कूलों के 165 विद्यार्थियों को किया सम्मानित

मंच पर विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए मुख्य अतिथि अभाविप के प्रांत अध्यक्ष डॉ अमित बघेल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद केवल छात्र नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में काम करने वाला संगठन है। परिषद ऐसे युवाओं को मंच देती है, जो आगे चलकर समाज व देश की दिशा बदलने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल पुरस्कार नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है, जो समाज और राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्यों को याद दिलाता है। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि छात्र जीवन मिट्टी के कच्चे घड़े की तरह होता है, जैसी सोच, वैसा आकार। आज की बेटियों को निर्भर नहीं, आत्मनिर्भर बनना होगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में केवल अंक नहीं, सोच मायने रखती है। कार्यक्रम में एबीवीपी जिला संयोजक प्रकाश दास मानिकपुरी, नगर मंत्री मिथलेश श्रीवास, जिला छात्रा प्रमुख स्मृति पटेल सहित संगठन के अन्य सदस्यों ने भी मंच से विचार रखे। इस दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी शिवराम टंडन, सीपत मंडल भाजपा अध्यक्ष दीपक शर्मा, थाना प्रभारी गोपाल सतपथी, सतीश पाटनवार, संकुल समन्वयक प्रमोद पांडेय, श्रीकांत श्रीवास, सुनील निर्मलकर, मिथलेश श्रीवास, भूती कौशिक, सोनू निर्मलकर सहित अन्य शिक्षाविद एवं अधिकारी मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक विद्यालयों के शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र बड़ी संख्या हिस्सा लिया। मंच संचालन प्रशांत यादव ने किया। इस गरिमामयी आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों को सम्मानित किया, बल्कि उन्हें एक नई ऊर्जा और दिशा भी प्रदान की।

## सियान चेतना कार्यक्रम के तहत पौधरोपण



**तखतपुर।** थाना प्रभारी तखतपुर अनिल कुमार अग्रवाल ने समस्त थाना स्टाफ के साथ सामुदायिक पुलिसिंग अन्तर्गत चेतना अभियान में सियान चेतना कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें तखतपुर के वरिष्ठ नागरिक एवं सामाज सेवियों को आमंत्रित कर थाना परिसर में छांयादार पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी अनिल अग्रवाल ने कहा कि हम सभी का यह दायित्व है कि प्रकृति को प्रदूषित होने से बचाने के लिए साझा प्रयास करें, क्योंकि हर व्यक्ति यदि एक-एक कदम बढ़ाएगा तो निश्चित रूप से प्रदूषण से हम मीलों दूर रहेंगे। साथ ही उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से अन्य लोगों को भी इस कार्य के लिए प्रेरित करने की अपील की। इस अवसर पर जीवन लाल पांडे, कुलवंत सिंह हुरा, किशन सचदेव,रोहन सिंह ठाकुर, हरविंदर हुरा,लक्ष्मी प्रसाद गुप्ता, शिव देवांगन, काशी अग्रवाल,धनसी अग्रवाल, शैलेंद्र प्रधान, चंद्रप्रकाश देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## कोदवाबानी में 'पहल' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ लालपुर



पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देश पर 'पहल' कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोदवाबानी के स्कूल प्रांगण में पौधरोपण के साथ जन जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चों के समक्ष पेड़ से मिलने वाले फायदे तथा पर्यावरण के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रस्तुत की गई।

इस दौरान टीआई अमित गुप्ता ने पहल अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को नशीले पदार्थों के खिलाफ जागरूक किया गया एवं लोगों को इससे दूर रहने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही साइबर ठगी व अपराध से बचने के लिए भी लोगों को जागरुक किया गया। जागरूकता अभियान के दौरान लोगों को अनजान नंबरों से आने वाले कॉल, मैसेज एवं ई-मेल से सावधान रहने, किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने और अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करने, अनजान व्यक्ति का फ्रेंड रिक्वेस्ट या विडियों कॉल स्वीकार नही करने की सलाह दी गई। साथ ही किसी माध्यम माध्यम से ऑनलाईन धोखाधड़ी होने की स्थिति में नेशनल साइबर क्राईम रिर्पोटिंग पोर्टल के माध्यम से 1930 पर कॉल कर धोखाधड़ी की शिकायत करने के बारे मे बताया गया। इस मौके पर लोगों को यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक किया गया और अपने आसपास के हो रही घटनाओं के बारे मे सजग रहने की सलाह दी गई। इस अवसर पर पुलिस स्टाफ सहित स्कूल के शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

**कॉलोनाइजर एक्ट और नई स्कीम के तहत रजिस्ट्री की भी मांगी जानकारी**

# सुशांत ने विस में पूछा- बेलतरा में कितने जगहों पर राखड़ से गड्ढे भरे गए



**बिलासपुर।** बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने विधानसभा में पूछा कि बेलतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत फ्लाई एश डम्पिंग से गड्ढे भरने का कार्य कहां-कहां हुआ है एवं कहां-कहां कार्य चल रहा है, इसके अलावा इन कार्यों हेतु किन-किन ठेकेदारों को कार्य प्रदान किया गया है? विधायक ने यह भी सवाल किया की इन कार्यों में परिवहन एवं डम्पिंग के दौरान फ्लाई एश के कारण होने वाले प्रदूषण की रोकथाम हेतु क्या-क्या उपाय किए गए हैं और वर्ष 2023-24 से जून 2025 तक जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों द्वारा अगर एसओपी उल्लंघन करने की शिकायतें की गई है तो उस पर क्या कार्रवाई की गई है।

विधायक श्री शुक्ला के सवाल पर पर जवाब देते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा किसी ठेकेदार को राखड़ की भू-भराव की अनुमति नहीं दी गई है। अपितु राखड़ से भू-भराव हेतु अनुमति संयंत्र को दी गई है,फ्लाइ ऐश निस्तारण के लिए चलने वाले भारी वाहनों को विनियमित एवं मॉनिटर करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के आदेश दिनांक 26.06.2024 द्वारा एस.ओ.पी. तथा इसके अतिरिक्त औद्योगिक अपशिष्ट प्रबंधन और निगरानी प्रणाली (आई.डब्ल्यू.एम.एम.एस.) जारी की गई है। विधायक श्री शुक्ला ने कालोनाईजर एक्ट से संबंधित सवाल पूछते हुए जानकारी मांगी कि कालोनाइजरों को विकास अनुज्ञा जारी किए जाने हेतु क्या-क्या नियम एवं शर्तें निर्धारित हैं? क्या नियमानुसार किसी अन्य की भूमि का उपयोग मुख्य मार्ग के रूप में करने वाले कॉलोनाईजर को अनुज्ञा प्रदान किए जाने नियम निर्धारित है? इस पर जवाब आया है कि अधिनियम 1973 छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश नियम, 2020, छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984, छत्तीसगढ़ नगर पालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बधन एवं शर्तों) नियम, 2013 तथा छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत (कॉलोनीईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बधन एवं शर्तों) नियम, 1999, विकास योजना एवं दिशा निर्देश निर्धारित है। अन्य की भूमि का उपयोग मुख्य मार्ग के रूप में करने वाले कालोनाईजर को अनुज्ञा प्रदान किये जाने का नियम नहीं है। संचालक नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा पहुंच मार्ग के संबंध में निर्देश जारी किया गया है। विधायक सुशांत शुक्ला ने वित्त मंत्री से पूछा कि क्या प्रदेश में अचल संपत्ति क्रय-विक्रय के प्रकरणों में पंजीकरण कार्यालय में ही पंजीकरण एवं नामांतरण एक साथ किए जाने की योजना लागू की गई है? योजना के लागू होने से जून, 2025 तक कुल कितने प्रकरणों का पंजीकरण हुआ है ? कितने प्रकरणों में पंजीकरण कार्यालय में ही पंजीकरण एवं नामांतरण एक साथ किया गया है? कितने प्रकरणों में नामांतरण नहीं हो पाया और क्यों ? वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि प्रदेश में अचल संपत्ति क्रय-विक्रय के प्रकरणों में पंजीकरण कार्यालय में ही पंजीकरण एवं नामांतरण एक साथ किए जाने की योजना लागू की गई है।

## एसीबी की टीम ने शिक्षक को दो लाख रिश्वत लेते पकड़ा



**कोरबा।** एसीबी इकाई बिलासपुर को कोरबा जिले के शिक्षा विभाग में पदस्थ एक शिक्षक को 2 लाख रुपए रिश्वत लेते हुए पकड़ने में सफलता मिली।

जानकारी के अनुसार 9 जुलाई को प्राथमिक शाला केसला के प्रधानपाठक रामायण पटेल द्वारा एसीबी इकाई बिलासपुर में इस आशय की शिकायत की गई थी कि प्रार्थी की पत्नी उसी के स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ है। आरोपी विनोद कुमार सांडे जो कि माध्यमिक साला बेला जिला कोरबा में शिक्षक के पद पर पदस्थ है उसके द्वारा उसकी पत्नी का ट्रांसफर अन्य दूर के स्कूल में होने की संभावना को बताकर अपना परिचय डीईओ और बीईओ से होना बताकर उसकी पत्नी का ट्रांसफर दूर के स्कूल में होने से बचने और नजदीक के स्कूल ओमपुर में करा देने के एवज में 2 लाख रुपए की मांग की जा रही है इस पर एसीबी की टीम ने योजना बनाकर आरोपी विनोद को प्रार्थी से 2 लाख रुपए प्रार्थी के कोरबा स्थित निवास में लेने के दौरान 17 जुलाई को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी से रिश्वत की रकम जप्त कर एसीबी के द्वारा उसके विरुद्ध धारा 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### तोखन दिल्ली में करेंगे जनसुनवाई आज



**बिलासपुर।** आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू 18 जुलाई को सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यालय, 6 पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग नई दिल्ली में जनसुनवाई करेंगे। कार्यक्रम के दौरान श्री साहू पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं, सुझाव एवं मांगें सुनेंगे तथा आवश्यक कार्रवाई करने पहल करेंगे।

### प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल सहित युवक गिरफ्तार



**बिलासपुर।** पुलिस ने एक युवक को पकड़कर उसके पास से प्रतिबंधित 264 नग कैप्सूल बरामद किया है। सरकण्डा पुलिस को सूचना मिली लगरा आरटीओ कार्यालय के पास एक युवक प्रतिबंधित दवाई बेचने के लिए खड़ा हुआ है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर सीपत दर्राभाठा निवासी यश उर्फ योगविंद चंद्राकर पिता दिगबंर चंद्राकर 19 साल को पकड़ लिया। उसके पास से 264 नग प्रतिबंधित कैप्सूल मिला। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### सबस्टेशन से 2 लाख का सामान चोरी, जुर्म दर्ज



**बिलासपुर।** बीती रात सेंदरी सबस्टेशन में चोरों ने धावा बोलकर 2 लाख का सामान पार कर दिया। इस दौरान सबस्टेशन में आपरेटर भी मौजूद था, लेकिन उसे इस बात की जानकारी तक नहीं हो सकी। इस मामले में एई भूपेश साहू ने घटना की शिकायत कोनी थाने में दर्ज कराई है। यंत्री और अनंता होम्स कालोनी निवासी भूपेश साहू ने बताया कि 14-15 जुलाई की दरमिनायी रात को अज्ञात चोरों ने सबस्टेश में उपयोग होने वाले 2 नग नये मीटरिंग इक्विपमेंट 10/5A (33 के.व्ही.) के क्वाइल एवं स्टड की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर ली गई है। इसकी कीमत 2 लाख से अधिक है। बताया जा रहा है कि 15 जुलाई को सबस्टेशन ऑपरेटर दिनेश देवांगन ड्यूटी पर था। उसके साथ आउट सोसिंग कर्मचारी विशाल धीवर शाम 4 बजे से रात्रि 12 बजे तक ड्यूटी पर था। घटना 12 से 4 बजे के बीच की है। सहायक यंत्री ने कोनी थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

**सीएसआर मद से जारी हुए थे 12.25 लाख** | **हाईवे पर बैठे पशुओं से टकराकर रोज दुर्घटनाग्रस्त हो रहे वाहन चालक**

# वेटनरी विभाग का दावा 10 हजार पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाया, फिर भी सूने हैं गले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईवे पर बीच सड़क में बैठे आवारा पशुओं से टकराकर दुपहिया व चारपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त न हों, इसकी रोकथाम के लिए वेटनरी विभाग ने आवारा पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट पहनाया था। वेटनरी विभाग को इसके लिए सीएसआर मद से राशि भी जारी की गई थी। विभाग द्वारा इस राशि से करीब दस हजार आवारा पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाए जाने का दावा किया गया है, लेकिन हाईवे पर बैठने वाले लगभग सभी आवारा पशुओं के गले से रेडियम बेल्ट गायब हैं।

नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे और ग्रामीण सड़कों के चार से पांच किलोमीटर के दायरे में सड़कों पर बैठे आवारा पशुओं से किसी वाहनचालक को दुर्घटनाग्रस्त न होना पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा वेटनरी विभाग को आवारा पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट पहनाने के लिए सीएसआर मद से राशि जारी की गई थी। इसके अंतर्गत वेटनरी विभाग को 12 लाख 25 हजार रूपए की राशि प्राप्त हुई थी। विभागीय सूत्रों के अनुसार विभाग द्वारा पालतू या गली-मुहल्लों में घूमने वाले पशुओं को छोड़कर मुख्य मार्गों में बैठने वाले पशुओं को एक अभियान चलाकर रेडियम बेल्ट पहनाया गया था। इसके अंतर्गत प्रत्येक पशु को रेडियम बेल्ट पहनाने का खर्च 50 रूपए आया था, जिसमें बीते वर्ष जुलाई-अगस्त से दिसंबर माह के बीच कुल 10 हजार 340 पशुओं को बेल्ट पहनाया गया था। वेटनरी विभाग द्वारा दस हजार से भी अधिक पशुओं को रेडियम बेल्ट पहनाने की बात कही तो जा रही है, लेकिन मुख्य मार्गों पर बैठने वाले पशुओं के गले सूने हैं। हो सकता है कि ज्यादातर पशुओं ने वह बेल्ट तोड़ दिया हो, लेकिन किसी भी पशु के गले में बेल्ट नजर न आए यह कैसे संभव है? शहर से बाहर चारों दिशाओं में जाने वाली किसी भी सड़क में रेडियम बेल्ट वाले पशु नजर नहीं आ रहे हैं। सड़कों पर अंधेरा होने के कारण वाहन चालक तेज गति से सड़क पर बैठे पशुओं से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। ऐसे में प्रशासन द्वारा राशि जारी कर चलाए जाने वाले अभियान का औचित्य शून्य नजर आ रहा है।



### बारिश में पचास से भी अधिक संख्या में सड़कों पर बैठे मिलेंगे मवेशी

बारिश के मौसम में सड़क के किनारों पर पानी जमा हो जाता है। यदि बारिश न भी हो रही हो तो भी कीचड़ जैसी स्थिति रहती ही है। यही कारण है कि सूखी जगह की तलाश में मवेशियों को बैठने के लिए सड़क ही सबसे साफ जगह नजर आती है। यही कारण है कि मवेशी बड़ी संख्या में सड़कों पर ही बैठे दिख जाएंगे। कहीं-कहीं तो मवेशियों की संख्या एक ही स्थान पर 50 से भी अधिक नजर आ जाएगी। हालत यह होती है कि वाहन चालकों के तेज हार्न या लाईट से भी इन्हें फर्क नहीं पड़ता, जिससे वाहनों में बैठे लोगों को उतरकर मवेशियों को हटाना पड़ता है। यह स्थिति हर बार नहीं रहती। कई बार वाहनों की गति तेज होती है, जिससे घना अंधेरा होने व पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट नहीं होने के कारण वाहन चालकों को पशुओं की उपस्थिति दिखाई नहीं पड़ती व बड़ी दुर्घटना हो जाती है।

### अभियान चलाया जाएगा

राशि की उपलब्धता के आधार पर विभाग आवारा पशुओं के गले में रेडियम बेल्ट पहनाता है। इसके लिए सीएसआर मद से राशि प्राप्त हुई थी, जिसके तहत 10 हजार 340 पशुओं को बेल्ट पहनाया गया था। कुछ राशि शेष है, जिससे फिर से यह अभियान चलाया जाएगा।

**-जीएस तंवर**
संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं

**अमृत भारत योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्य**

# उसलापुर स्टेशन पहुंचे डीआरएम ने गिनाई कमियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अमृत भारत योजना में शामिल होने के बाद उसलापुर रेलवे स्टेशन को डेवलपमेंट का कार्य शुरु कर दिया गया है। इसका औचक निरीक्षण करने के लिए पहुंचे बिलासपुर रेल मंडल के डीआरएम ने ठेकेदार और अन्य रेल अफसरों को कमियां गिनाते हुए भड़के और काम को ठीक से जल्द से जल्द पूरा करने का आदेश दिया है।


बिलासपुर रेल मंडल के उसलापुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत योजना में शामिल करते हुए विकसित करने का काम किया जा रहा है। इसके तहत वर्तमान में रेलवे स्टेशन के बाहर की दीवार के सामने एसीपी प्लाई लगाकर आकर्षक लाइटें लगाने के अलावा प्लेटफार्म नम्बर एक पर पुराने टाइल्स को उखाड़कर नई टाइल्स लगाने, स्टेशन के सामने छोटा सा गार्डन, कार की नई पार्किंग, मुख्य गेट की लंबाई और चौड़ाई बढाने का काम करीब-करीब पूरा कर दिया गया है। इन सबके बावजूद रेलवे स्टेशन में यात्री सुविधाओं का काफी अभाव है, जिसके कारण यात्री काफी परेशान भी हो रहे हैं। इसे देखने के लिए बुधवार की रात अचानक बिलासपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीईन कार्डिनेशन, गतिशक्ति सहित अन्य विभाग के अफसर उसलापुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। स्टेशन पहुंचने के बाद डीआरएम सीधे प्लेटफार्म के अंदर चले गए, जहां उन्हें जानकारी मिली कि प्लेटफार्म नम्बर एक पर लगाए गए शेड से बारिश का पानी सीधे प्लेटफार्म पर गिरता है, क्योंकि शेड बनाने के बाद उसमें ड्रेनेज का कार्य नहीं किया गया है। जिस स्थान पर ड्रेनेज है, उसमें डायरेक्ट शेड से कनेक्शन नहीं है। मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल इसपर भड़क गए और प्लेटफार्म पर लगाए गए टाइल्स को उखाड़कर ड्रेनेज का काम करने का आदेश दिया, ताकि बारिश के दौरान शेड से पानी सीधे ड्रेनेज में चले जाए।



आकर्षक लाइटिंग से जगमगाता उसलापुर रेलवे स्टेशन।

### एंड टू एंड बनाए स्पीड ब्रेकर

आदर्श रेलवे स्टेशन उसलापुर में एयरपोर्ट की तरह पार्किंग को व्यवस्थित करने का काम करने निर्णय लिया गया है। डीआरएम व अन्य रेलवे के अधिकारियों ने इस कार्य को भी देखा। उक्त कार्य में स्टेशन एंट्री पर बेरियर लगे होंगे, जिसमें गाड़ियां लाने वाले यात्रियों और अन्य लोगों को टिकिट देने के लिए कर्मचारी की गुमटी भी बनाई जाएगी।




### व्यवस्थित नहीं है अक्षिता

बिलासपुर रेलवे स्टेशन की तरह उसलापुर रेलवे स्टेशन में आरपीएफ पोस्ट के पास महिला यात्रियों के बैठने के लिए जगह बनाई गई है, जिसे अक्षिता नाम दिया गया है। यहां सबसे अधिक परेशानी बारिश के मौसम में होती है, चारों ओर से घेराबंदी करने के बाद खुले एरिया से पानी अंदर घुस जाते हैं। इसके कारण महिलाओं को काफी परेशानी होती है। इस कार्य को जल्द व्यवस्थित करने कहा गया।

### फर्स्ट क्लास वेटिंग हॉल बेहाल

इसी तरह प्लेटफार्म नम्बर एक पर बिलासपुर छोर पर बने एफओबी के पहले फर्स्ट क्लास वेटिंग हॉल भी बनाए गए हैं। लाखों रुपए की लागत से बनाए गए फर्स्ट क्लास वेटिंग हॉल की हालत ऐसी है कि यहां सैप्टिक टैंक छोटा बना दिया गया है, जहां की टंकी का पानी हॉल के अंदर घुस जाता है। इसे ढंग से सुधारने का आदेश अधिकारियों ने ठेकेदार और संबंधित विभाग को दिया है।

### दिखी और भी कमियां

मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल और अन्य अफसरों ने प्लेटफार्म नम्बर एक पर निरीक्षण करने के दौरान कई तरह की कमियों को देखा। वर्तमान में प्लेटफार्म नम्बर एक पर नए शेड का विस्तार कर दिया गया, लेकिन वहां न तो यात्रियों के लिए पंखे हैं और लाइट की सुविधा है। इसकी वजह से रात में यात्रियों को अंधेरे में ट्रेन का इंतजार करना पड़ता है। नए शेड में लाइट और पंखे लगाने के साथ सेकेंड क्लास वेटिंग हॉल, स्टेशन प्रबंधक और वीआईपी रूम का काम जल्द पूरा करने का आदेश दिया। स्टेशन में नए पार्सल कार्यालय के अलावा पूछताछ काउंटर को भी बाहर किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को प्लेटफार्म के अंदर तक जाने की आवश्यकता न पड़े। इसके लिए कार्य शुरु कर दिए गए हैं। स्टेशन गेट एंट्री पर नए पूछताछ काउंटर को फिनिशिंग का काम बचा हुआ है। इसके अलावा डीआरएम ने स्टेशन के बाहर एसीपी प्लाई पर लगे रंगे बिरंगी आकर्षक लाइटों को भी देखकर अधिकारियो को निर्देश दिया कि सारी लाइटें बाहर लगी हुई है, इसे कोई भी हाथ मारकर पार कर सकता है।



**हिर्री माइंस खदान के पास की घटना**

# युवक की खून से लथपथ लाश मिलने से सनसनी



घटनास्थल पर कार्रवाई करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले कुछ समय से लगातार हो रही हत्या की वारदातों ने जिले को थर्रा कर रख दिया है। एक बार फिर हिर्री माइंस खदान के पास एक युवक की बिना कपड़े के खून से लथपथ लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के चेहरे को पत्थर से कुचलकर उसकी हत्या की गई है। लाश दो दिन पुरानी बताई जा रही है। बहरहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। 13 दिन के भीतर यह तीसरी लाश मिली है। तीनों मामले पुलिस के लिए पहेली बने हुए हैं।

चकरभाठा टीआई उत्तम साहू ने बताया कि 17 जुलाई की सुबह हिर्री माइंस में सुरक्षा में तैनात सीआईसीएफ के जवान ने डोलोमाइट खदान के पास एक 25 से 30 वर्षीय युवक की बिना कपड़े की लाश देखी, मृतक के चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे। हिर्री माइंस के अधिकारी रमेश कुमार चौबे पिता रूपचंद चौबे ने लाश मिलने की सूचना पुलिस को दी। उसके बाद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। मृतक के चेहरे को भारी पत्थर से कुचल दिया गया था। चेहरे पर कीडे पड़ गए थे, जिससे लाश करीब दो दिन पुरानी बताई जा रही है। पुलिस ने आसपास क्षेत्र के लोगों को तलब कर पहचान कार्रवाई की, किन्तु उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव उठाकर मरच्यूरी में रखवा दिया है। पुलिस मृतक की पहचान कार्रवाई में लगी हुई है।

घटनास्थल पर मिली शराब की खाली बोतल

जांच के दौरान पुलिस को घटनास्थल पर दो देशी व एक अंग्रेजी शराब की खाली बोतल मिली है। वहीं पास में पत्थर के नीचे मृतक का कपड़ा मिला है। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि मृतक को शराब पिलाने के बाद पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई और पहचान छिपाने के लिए कपड़ा निकालकर छिपा दिया गया था।

### छतौना मोड़ पर मिली थी युवक की लाश

6 जुलाई को कोनी आवास में रहने वाले सुरेंद्र कैवर्त पिता रामकुमार कैवर्त रात 10 बजे घर में गांव छतौना जाने की बात कहकर निकला था। 7 की सुबह छतौना मोड़ पर उसकी लाश मिली थी। अब तक पुलिस यह पता नहीं लगा पाई है कि उसके साथ क्या हुआ है। इधर पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी नहीं ले पाई है।

### बिल्हा देवकिरारी में मिली थी युवक लाश

4 जुलाई को शाम 4 बजे बिल्हा देवकिरारी निवासी अशोका निषाद पिता नारायण निषाद 32 साल घर से ससुराल जाने के लिए निकले थे। 5 जुलाई की सुबह उसकी लाश मिली। 13 दिन में पुलिस उसके मृत्यु के कारणों का पता नहीं लगा पाई है।

### डेढ़ माह में 6 हत्याएं

पिछले कुछ समय लगातार हत्या की वारदातें हो रही हैं। 14 जुलाई को जरहाभाठा मिनीबस्ती में सुमित बांधे, 12 जुलाई को सिरगिट्टी नयापारा में कैलास ध्रुव, 24 जून को बेगहना निवासी रात बाई सौता, 18 जून को कोटा खुरदूर निवासी कुंवरिया बाई बघेल, 9 जून महमंत निवासी मुश्कान लास्कर, 8 जून को सकरी बहतराई निवासी रत्ना साहू की हत्या कर दी गई थी। बहरहाल सभी मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# अवैध शराब, हथियार के साथ पकड़े गए 12 बदमाश

**बिलासपुर।** हत्या की वारदात के बाद बीती रात पुलिस ने सिरगिट्टी नयापारा में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध शराब, हथियार रखने वाले, निगरानी, गुण्डा बदमाश व वारंटी सहित 10 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ था।

- देर रात पुलिस का छापा

ज्ञात हो कि 11 जुलाई को नयापारा गणेश नगर निवासी कैलास ध्रुव के साथ मारपीट कर हत्या करने के बाद लाश डबरी में छिपा दी गई थी। उक्त मामले में पुलिस ने नाबालिग सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया था। एसएसपी रजनेश सिंह ने अधिनस्त अधिकारियों को क्षेत्र में गुण्डागर्दी व अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करने का आदेश दिया। 16 जुलाई की रात सीएसपी निमितेश सिंह, सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट के नेतृत्व में गणेशनगर नयापारा में रात भर छापामार कार्रवाई की गई है। इस दौरान अवैध शराब बेचने वाले व धारदार हथियार लेकर घूमने वाले, वारंटी व नगरानी एवं गुण्डा बदमाश सहित 12 लोगों को पकड़कर आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट व प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया गया है। ज्ञात हो कि एक दिन पहले सिविल लाइन पुलिस ने जरहाभाठा मिनीबस्ती में छापामार कार्रवाई करते हुए 9 बदमाशों को गिरफ्तार किया था।

**नयापारा में पुलिस का बड़ा एक्शन**



आरोपियों से जब्त शराब व हथियार।

**पकड़े गए आरोपी**

- रोशन मांडवी पिता अनिल मांडवी 22 साल महिमा नगर तरूपति निगरानी बदमाश
- रोहन मांडवी पिता अनिल मांडवी 24 साल आर्दश नगर गिरफ्तारी वारंटी
- जावेद खान पिता शहजाद खान 24 साल यदुनंदननगर गिरफ्तारी वारंटी
- हपनदीप पिता राजू दीप 23 साल सरदार मोहल्ला गिरफ्तारी वारंटी
- जवाहर गोंड़ पिता जेठू गोंड़ शिव बिहार कालोनी कोचिया
- अभिषेक कश्यप पिता पन्नालाल कश्यप 24 साल तिफरा गिरफ्तारी वारंटी
- मनीष कांति पिता भारत कांति 21 साल गणेशन नगर आर्म्स एक्ट
- अभिषेक कुर्रे पिता स्व. सुशील कुर्रे 21 साल गणेशनगर नयापारा आर्म्स एक्ट
- पवन साहू पिता बोधराम साहू 30 साल नयापारा स्थाई वारंटी
- अजीत कुशवाहा पि जगन्नाथ कुशवाहा 25 साल सिहोर जबलपुर रात में घूमने हुए
- निखिल कुशवाहा पिता बलराम कुशवाहा 18 साल सनोई कटनी संदेहास्पद घूमने हुए
- बलदाउ साहू पिता मोहन 40 साल नयापारा घूमते हुए

# बैंक से 9 लाख 26 हजार रुपए निकालकर नहीं लौटाया

**बिलासपुर।** महिला से चेक लेकर बैंक से 9 लाख 26 हजार 450 रुपए निकालकर इंजीनियर नहीं लौटाया, पुलिस ने इंजीनियर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने बताया, एनई कालोनी निवासी पद्मावती पति के वेंकट राव 62 साल ने जमीन बेचकर 34 लाख 16 हजार 96 रुपए केपिटल गेन एकाउंट में जमा किया था। उन्होंने दूसरी जमीन में मकान बनाने के लिए इंजीनियर ओमनगर जरहाभाठा निवासी हितेन्द्र सोनी पिता हरिश्चंद्र सोनी से मिलकर 50 हजार रुपए कमीशन देकर नए मकान का एस्टिमेट बनवाया और उसे बैंक से 9 लाख 26 हजार 450 रुपए निकालने के लिए चेक दिया। इंजीनियर ने बैंक में चेक लगाकर रकम निकालकर स्वयं रख लिया और महिला को नहीं लौटा रहा है। पुलिस ने इंजीनियर के खिलाफ धारा 316 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

### एसएसपी की फटकार के बाद लिखी गई एफआईआर

**बिलासपुर।** दहेज प्रताड़ना के मामले में पीड़िता शिक्षिका रिपोर्ट लिखाने के लिए महिला थाने का चक्कर लगाते थक गई। आखिरकार एसएसपी की फटकार के बाद ससुरालवालों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है।

दयालबंद निवासी शिक्षिका अंकिता शुक्ला पिता स्व. रमन प्रसाद शुक्ला 35 साल की शादी 7 मई 2015 में अंबिकापुर निवासी आलोक शुक्ला से हुई थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि शादी के बाद ससुराल वाले दहेज कम लाने, चारित्रिक, शारारीरिक मानसिक शोषण करने लगे, 24 जून 2025 को उन्होंने महिला थाना में लिखित शिकायत की। महिला परामर्श केंद्र में काउंसिलिंग हुई, किन्तु कोई बात नहीं बन पाई। उसके बाद पीड़िता शिक्षिका ससुरालवालों के खिलाफ एफआईआर लिखने के लिए महिला थाना का चक्कर लगा रही हैं। कोई सुनवाई नहीं होने पर 17 जुलाई को पीड़िता एसएसपी रजनेश सिंह से मिलकर एफआईआर कर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। एसएसपी के निर्देश पर पीड़िता महिला थाना जाकर टीआई से मिलकर एफआईआर लिखने की गुहार लगाई। टीआई ने उनकी रिपोर्ट नहीं लिखी। पीड़िता शिक्षिका फिर से एसएसपी को एफआईआर नहीं लिखने की जानकारी दी। एसएसपी श्री सिंह ने महिला थाना टीआई लक्ष्मी चौहान को फोन पर जमकर फटकार लगाते हुए तत्काल एफआईआर लिखने का निर्देश दिया।

